# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025






# जनजातीय गौरव दिवस 2025



एवं

जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों हेतु

## मुख्यमंत्री जनजातीय ग्राम अखरा विकास योजना

का शुभारंभ

20 नवंबर 2025

**मुख्य अतिथि**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
भारत की माननीय राष्ट्रपति

**अध्यक्षता**

**श्री रमेन डेका**
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन

पी.जी. कॉलेज मैदान, अंबिकापुर (छ.ग.)
सुबह 10 बजे से

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री तोखन साहू**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
आवास एवं शहरी मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री रामविचार नेताम**
माननीय मंत्री, आदिम जाति विकास,कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, छ.ग. शासन

**श्री जुएल ओराम**
माननीय केन्द्रीय मंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री अरुण साव**
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री ओम प्रकाश चौधरी**
माननीय प्रभारी मंत्री जिला सरगुजा,
वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग, छ.ग. शासन

**श्री चिंतामणि महाराज**
माननीय सांसद, लोकसभा सरगुजा

**श्री दुर्गा दास उइके**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री राजेश अग्रवाल**
माननीय मंत्री, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग, छ.ग. शासन

एवं

समस्त माननीय मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, महापौर एवं समस्त जनजातीय समाज प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## सोशल मीडिया में हिंसक, उत्तेजक वीडियो गेम के माध्यम से ब्रेनवाश कर किया अपने वश में

# पाक माड्यूल के आतंकियों से पांच साल से संपर्क में थे पकड़े गए नाबालिग

हरिभूमि न्यूज:रायपुर



सोशल मीडिया के माध्यम से आईएसआईएस पाक माड्यूल से जुड़े किशोरों के पिछले चार-पांच वर्ष से संपर्क में थे। एटीएस के अफसरों के अनुसार इस तरह आतंकी संगठनों द्वारा बच्चों को वश में कर ब्रेन वाश करना रेयर केस है। बच्चों को आतंकी बनने प्रेरित करने की घटनाएं पूर्व में जम्मू कश्मीर को छोड़ किसी अन्य राज्य में देखने को नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के बाद छत्तीसगढ़ में इस तरह की पहली घटना है, जिसमें आतंकियों ने बच्चों को टार्गेट किया है।

जानकारी के मुताबिक एटीएस ने जिन दो किशोरों को आतंकी संगठन के संपर्क होने के आरोप में पकड़ा है, वो दोनों आपस में दोस्त हैं। दोनों भिलाई के रहने वाले हैं। एक लड़का पिछले वर्ष अपने परिजनों के साथ रायपुर में शिफ्ट हुआ है। सूत्रों के मुताबिक सोशल मीडिया गेम खेलते हुए दोनों किशोर आतंकियों के संपर्क में आए। इसके बाद आतंकियों ने बच्चों को झांसे में लेने अलग-अलग फेक आईडी से संपर्क कर देश विरोधी गतिविधि में शामिल होने प्रेरित किया।

बच्चों को अपने वश में करने के लिए आतंकियों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से बच्चों को उत्तेजक तथा हिंसक गेम भेजकर डाउनलोड कराया। इसके बाद आतंकी संगठन से जुड़े लोगों ने गेम के माध्यम से काफिरों का कैसे सफाया करना है, काफिरों को मारने प्रताड़ित करने से सवाब मिलने के भ्रम में बच्चों को फंसा चुके थे।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक दोनों बच्चे आतंकियों के संपर्क में चार-पास साल रहने के बाद पूरी तरह ट्रेंड हो चुके थे। साथ ही दोनों काफी एरोगेंट हो गए थे। संसाधन मिलने पर किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे। पाक माड्यूल के आतंकी संगठन दोनों बच्चों को घटना को अंजाम देने प्रेरित करने लगे थे। साथ ही उनके मन में भारत के प्रति पूरी तरह से जहर भर दिया गया था।

आतंकी संगठन ने जिस मंसूबे से अपने झांसे में लिया था, देश के खुफिया तंत्र को इस बात की भनक नहीं लगे, इसके लिए पाक माड्यूल के आतंकी दोनों बच्चों को ऐसे इनक्रिप्टेड साइट तथा डार्क वेब के बारे में चैट के माध्यम से पूरी तरह से ट्रेंड कर चुके थे। दोनों बच्चे डार्क वेब तथा इनक्रिप्टेड साइट के माध्यम से आतंकियों के लगातार संपर्क में थे।

सूत्रों के अनुसार दोनों किशोर आतंकी संगठन के इशारे पर सौ से ज्यादा लड़कों का ग्रुप बना चुके थे। जिन लोगों का दोनों ने ग्रुप बनाया था, एटीएस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है। ग्रुप में शामिल लड़के छत्तीसगढ़ के साथ और किन राज्यों के लोग जुड़े हैं, एटीएस इसकी जानकारी जुटा रही है। सूत्रों के मुताबिक दोनों लड़कों की सोशल मीडिया में संदिग्ध गतिविधि मिलने पर एटीएस करीब दो वर्ष पूर्व पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद एटीएस ने दोनों लड़कों की सोशल मीडिया के साथ उनकी गतिविधियों की निगरानी बढ़ा दी थी। एटीएस के पूछताछ करने के बाद दोनों लड़के काफी सावधनी बरतने लगे। इसके बाद दोनों लड़के ऐसे इनक्रिप्टेड साइड जिसे जांच एजेंसी ट्रेस न कर सके, उस साइट के माध्यम से आतंकियों के संपर्क में थे। तकनीकी साक्ष्य जुटाने के बाद एटीएस ने दोनों किशोरों के इनक्रिप्टेड साइट को क्रेक कर पकड़ा है। आतंकियों के खिलाफ मई में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दोनों लड़के आतंकियों के संपर्क में थे। आतंकियों के कहने पर दोनों लड़कों ने ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस क्षेत्र में सुरक्षाबलों का मूवमेंट था उसके साथ वार से जुड़े सैनिकों को मूवमेंट की जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के आधार पर दोनों किशोरों ने जानकारी तैयार कर आतंकियों तक पहुंचाने का काम किया।

### परिजनों को जानकारी नहीं

छात्रों के परिजनों को अपने बच्चों के आतंकियों से जुड़े होने की जानकारी नहीं है। बच्चों को उनके परिजनों ने पढ़ाई की तैयारी के लिए लैपटॉप तथा मोबाइल खरीद कर दिया था। आतंकी संगठन ने दोनों लड़कों को उनसे जुड़े होने की जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं करने के लिए कहा था।



## जल संचय, जनभागीदारी में बालोद जिले की कलेक्टर को राष्ट्रीय अवार्ड

रायपुर। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल संचय, जनभागीदारी अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने बालोद जिले को बेस्ट परफार्मिंग जिले के रूप में प्रथम पुरस्कार दिया। जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को यह अवॉर्ड दिया गया। अवार्ड में 2 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई। इस राशि से जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए जाएँगे। समारोह में केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल, केन्द्रीय राज्यमंत्री वी सुमन्ना भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि इससे पहले बालोद जिले को पहला बाल विवाह मुक्त जिला भी घोषित किया गया था। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा जिले के नागरिकों के अथक प्रयास और सहभागिता से यह सम्मान मिला है।

# मंत्रालय में अब अनिवार्य होगी आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



पारदर्शिता, समयपालन और प्रशासनिक कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने महानदी भवन और इन्द्रावती भवन में कार्यरत सभी विभागों में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) लागू करने की घोषणा की है।

वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में बुधवार को मुख्य सचिव विकास शील की उपस्थिति में नए सिस्टम का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसमें फेसियल ऑथेंटिकेशन आधारित उपस्थिति प्रणाली तथा दीवार पर लगाए गए आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरणों का डेमो प्रस्तुत किया गया। प्रणाली का परीक्षण कल से प्रारंभ होगा और 1 दिसंबर से मंत्रालय में एईबीएएस के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य होगी। मुख्य सचिव विकास शील ने निर्देशित किया है कि 1 जनवरी 2026 से यह प्रणाली सभी संचालनालयों/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों में भी लागू कर दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय पालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़ाई से इसका पालन करना होगा।

### कर्मचारियों के लिए उपस्थिति दर्ज करने के तरीके

नए प्रोटोकॉल के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी को रोज़ाना दो बार-प्रवेश के समय "इन" और प्रस्थान के समय "आउट"—उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इसके लिए दो विकल्प उपलब्ध किए गए हैं। पहला मोबाइल ऐप के माध्यम से फेसियल ऑथेंटिकेशन, कर्मचारी अपने स्मार्टफोन पर आधार-आधारित फेसियल वेरिफिकेशन के माध्यम से इन/आउट उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। यह प्रणाली सुविधा और बायोमेट्रिक सुरक्षा—दोनों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

### दूसरा प्रवेश द्वारों पर लगे आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण

मंत्रालय भवनों के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर दीवार पर लगे थम्ब-बेस्ड आधार-सक्षम बायोमेट्रिक डिवाइसेज़ स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से कर्मचारी उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। दोनों प्रणालियां समानांतर रूप से संचालित होंगी और कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

### सभी प्रवेश द्वार पर उपकरण स्थापित

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी निर्धारित प्रवेश द्वारों पर आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण स्थापित कर दिए हैं और नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण भी पूरा कर लिया है, जिससे व्यवस्थित और निर्बाध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। सभी कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके आधार और सेवा संबंधी विवरण उपस्थिति पोर्टल में सही ढंग से अपडेट हों। नई उपस्थिति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, ढिलाई या अनुपालन न करने को गंभीरता से लिया जाएगा।

### मजबूत होगी प्रशासनिक दक्षता- साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, महानदी और इन्द्रावती भवन के सभी विभागों में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का क्रियान्वयन पारदर्शिता, समयपालन और प्रशासनिक दक्षता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं अपेक्षा करता हूं कि हर अधिकारी और कर्मचारी समयपालन और पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे, ताकि हम आधुनिक, तकनीक-आधारित और जवाबदेह शासन व्यवस्था की ओर निरंतर अग्रसर हो सकें।

## निजी अस्पतालों में थम नहीं रही आयुष्मान की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आने वाले निजी अस्पतालों का ऑडिट करने वाली एजेंसी तय करने में स्वास्थ्य विभाग को आठ महीने बाद भी सफलता नहीं मिल पाई है। इसकी वजह से अस्पतालों में होने वाली गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है। अभी जिला स्तर पर बनाई जाने वाली टीम जांच कर रही है, जहां प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है। पिछली कंपनी का काम फरवरी में समाप्त हो चुका है और अब तक इस मामले में टेंडर का प्रोसेस ही नहीं हुआ है।

पिछले दिनों रायपुर, धमतरी और महासमुंद जिले में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के नियमों का पालन नहीं करने के आरोप में 13 अस्पतालों के खिलाफ अलग-अलग अवधि में निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके बाद एक बार फिर योजना में अस्पतालों के क्रियाकलाप पर नजर रखने वाली ऑडिट एजेंसी की अनुपस्थिति पर चर्चा होने लगी है। निजी अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि पूर्व में तय की जाने वाली ऑडिट टीपीए एजेंसी कमियों के बारे में जानकारी देकर उन्हें सुधार का मौका देती थी। ऑडिट कंपनी में डाक्टरों की टीम करती थी, जो योजना से भली-भांति परिचित होती थी। उस दौरान अस्पतालों में गड़बड़ी और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले भी कम होते थे। अभी जिला स्तर पर सीएमएचओ के अंडर काम करने वाली टीम शिकायतों के आधार पर जांच कर अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांग रही है और जवाब संतोषपूर्ण नहीं होने का हवाला देकर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उनकी कार्रवाई को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व में ऑडिट का काम करने वाली टीपीए कंपनी का काम फरवरी में खत्म हो चुका है। इस काम के लिए नई एजेंसी तय करने विभागीय स्तर पर कोई प्रयास शुरू नहीं किया गया है।

राज्य में संचालित तमाम शासकीय अस्पतालो के साथ छोटे-बड़े निजी अस्पताल शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों के इलाज के लिए पंजीकृत है। आए दिन होने वाली विवाद की स्थिति बचने के लिए कुछ बड़े अस्पतालों ने खुद को इससे दूर रखा है। दूसरी ओर कई अस्पताल इस सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन ओके होने का इंतजार कर रहे हैं।

## नवंबर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का विशेष अभियान अब पेंशनर किसी भी बैंक में जमा कर सकेंगे डीएलसी

### पेंशन एवं भविष्य निधि संचालक ने बैकों और जिला कोषालयों के लिए जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने पेंशनरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवंबर में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) जमा करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। अब पेंशनरों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए अपनी मूल बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे किसी भी बैंक में जाकर, या 'जीवन प्रणाम' ऐप या वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशों पर छत्तीसगढ़ के सभी पेंशनरों के लिए लागू की गई है।

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि की संचालक पद्मिनी भोई साहू ने सभी बैंकों और जिला कोषालयों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि पेंशन वितरण तिथि से पहले अधिक से अधिक पेंशनरों के डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त किए जाएं, ताकि किसी भी पेंशनधारी की पेंशन बाधित न हो। निर्देशों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य बैंक "डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र मिशन 4.0" के तहत विभिन्न शहरों में विशेष कैंप आयोजित कर रहे हैं। इन कैंपों में फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक से पेंशनरों के डीएलसी जनरेट किए जा रहे हैं।

इस सुविधा का लाभ उठाते हुए पेंशनरों द्वारा 'जीवन प्रणाम' मोबाइल ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपने आधार नंबर और मोबाइल नंबर का उपयोग कर, घर बैठे भी जीवन प्रमाण पत्र जमा किये जा रहे हैं। अब तक की स्थिति में राज्य में पेंशनरों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत जीवन प्रमाण पत्र बैंकों में जमा हो चुके हैं। भारत सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक अब हर बैंक अपनी शाखा में आने वाले किसी भी पेंशनर का डीएलसी जनरेट करने के लिए उत्तरदायी होगा, भले ही पेंशनर का खाता किसी भी बैंक में हो। प्रशासन ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए समय पर अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा करें, ताकि उनकी पेंशन नियमित रूप से जारी रह सके।

## एसआईआर के तहत लगभग 27 लाख गणना प्रपत्र का डिजिटलाइजेशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण, संकलन एवं डिजिटलाइजेशन का कार्य तीव्र गति से जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से प्रारंभ इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश के लगभग 99 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं तक गणना प्रपत्रों का वितरण का दावा किया गया है। वहीं जमा करने वालों की संख्या कम है। अब बीएलओ को इन गणना पत्रक भरा कर निर्वाचन कार्यालय को जमा करना है। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संकलन की प्रक्रिया लगातार प्रगति पर है। साथ ही संकलित गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी सतत रूप से जारी है। अब तक 27 लाख गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य किया जा चुका है।

## प्राचार्य पदोन्नति का ग्रहण हटा, कल से काउंसिलिंग

रायपुर। प्रदेशभर के व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों के प्राचार्य पद पर काउंसिलिंग को लेकर लगा ग्रहण आखिरकार हट गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संदर्भ में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अब प्राचार्य काउंसिलिंग 21 से 24 नवंबर तक होगी। राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीएड कॉलेज में यह काउंसिलिंग होगी। प्रत्येक दिन 300 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाएगा। किस व्याख्याता अथवा प्रधान पाठक को काउंसिलिंग के लिए कब बुलाया जाएगा, इसका शेड्यूल भी डीपीआई जारी करेगा। इसके पूर्व प्राचार्य पद पर काउंसिलिंग 17 से 19 नवंबर तक आयोजित की जानी थी, लेकिन शिक्षकों की आपत्ति के बाद इसे रोक दिया गया था। उनका यह कहना था कि उन्हें पदोन्नति सूची पर दावा-आपत्ति के लिए वक्त नहीं दिया गया। इसे देखते हुए पूर्व निर्धारित काउंसिलिंग तिथि के एक दिन पूर्व अवकाश दिवस पर रविवार को आदेश जारी कर काउंसिलिंग अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। अधिकतर दावा आपत्ति सूची में नामों के क्रम को लेकर है। चूंकि सूची पीएससी से अनुमोदित है, इसलिए आपत्तियों को विशेष उल्लेखनीय ना पाते हुए काउंसिलिंग का निर्णय लिया गया है।

**इस माह रिटायर होने वाले प्राचार्यों को राहत**

काउंसिलिंग तिथि जारी होने के बाद अब पदोन्नति का इंतजार कर रहे व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों ने राहत की सांस ली है। छग शिक्षक संघ सहित अन्य शिक्षकों ने भी डीपीआई के इस आदेश पर प्रसन्नता जताई है। छग शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, प्राचार्य पदोन्नति संबंधित सूची जारी होने के बाद ट्राइबल संवर्ग में पोस्टिंग काउंसिलिंग के माध्यम से की जा चुकी है। टी संवर्ग के काउंसिलिंग के नियम ई संवर्ग में भी फॉलो होगा। 21 से 24 नवंबर तक काउंसिलिंग के पश्चात 26 नवंबर को पोस्टिंग आदेश जारी होने से इस माह रिटायर होने वाले पदोन्नत प्राचार्य भी ज्वॉइनिंग दे पाएंगे। अब पदोन्नत प्राचार्य की प्रतीक्षा खत्म होगी। गौरतलब है कि अप्रैल माह में जारी सूची के अनुसार, प्रदेश के 1478 व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों को पदोन्नत किया जाना था, लेकिन इनमें से कई रिटायर हो चुके हैं और कई इस माह ही रिटायर हो जाएंगे।






हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

जमीन, मकान, व्यावसायिक और आवासीय भूमि के लिए तय होंगे नए मूल्य

# शहरों में 20 मीटर और ग्रामीण में 50 मीटर तक की भूमि मुख्य सड़क की, बाजार मूल्य होगा अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अध्यक्ष, केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने बाजार मूल्य तय करने के लिए गाइड लाइन नियम जारी कर दिए हैं। इसके बाद जमीन-मकान, व्यावसायिक, आवासीय भूमि के लिए नए बाजार मूल्य तय करने का रास्ता साफ हो गया है। बोर्ड द्वारा अनुमोदित उपबंधों की प्रति राज्य के सभी कलेक्टरों को भेजी गई है। नए नियमों के मुताबिक शहरों में 20 मीटर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़क से 50 मीटर तक के हिस्से को मुख्य सड़क से ही लगा मानकर ▶▶| शेष पेज 6 पर

## प्रचलित गाइडलाइन में 9463 कंडिकाएं थीं, नई में 5763 कंडिकाएं

### यहां 25 प्रतिशत अधिक लगेगा बाजार मूल्य

ऐसी संपत्ति जो मुख्य मार्ग से अन्दर स्थित हो परन्तु जिसका उपयोग व्यावसायिक,औद्योगिक प्रयोजन के लिये किया जा रहा हो, उस क्षेत्र के लिये निर्धारित दर में 25 प्रतिशत वृद्धि कर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी। किसी क्षेत्र में मोहल्ला, कॉलोनी,मार्ग, स्वीकृत अभिविन्यास का नाम गाइड-लाइन में छूट गया हो या नवीन सड़क,कालोनी, स्वीकृत अभिविन्यास, संरचना विकसित हुई हो तो गाइडलाइन में वहां विद्यमान उसी स्तर,समकक्ष,समान महत्व व सुविधाओं की संपत्ति की दर के अनुसार बाजार मूल्य की गणना की जायेगी।

### संपत्ति का मिले उचित मूल्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, गाइडलाइन दरों का वैज्ञानिक और तर्कसंगत पुनरीक्षण राज्य के किसानों,



भूमिस्वामियों और आम नागरिकों के हित में उठाया गया अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। नई दरें न केवल न्यायसंगत मूल्यांकन सुनिश्चित करेंगी, बल्कि किसानों को भूमि अधिग्रहण में अधिक मुआवजा, नागरिकों को संपत्ति का सही मूल्य और बैंक से अधिक ऋण प्राप्त करने में भी सहायता प्रदान करेंगी। शासन की मंशा स्पष्ट है-हर नागरिक को उसकी संपत्ति का उचित मूल्य मिले और किसी भी प्रकार की विसंगतियां या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

### जनता का हित सर्वोपरि

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि गाइडलाइन दरों का यह व्यापक और



वैज्ञानिक पुनरीक्षण जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि 2017-18 के बाद दरों में संशोधन न होने से राज्य में वास्तविक बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों में गंभीर असंतुलन पैदा हो गया था। नई गाइडलाइन दरें रोड-वाइज और वैज्ञानिक मैपिंग के आधार पर तैयार की गई हैं, ताकि हर क्षेत्र में दरें तर्कसंगत, समान और समझने में सरल हों।

### इन सड़कों को माना जाएगा मुख्य सड़क

मुख्य सड़क से अचल संपत्ति की दूरी की माप, सड़क के दोनों छोर अर्थात राईट ऑफ वे (सड़क से लगे सर्विस लेन/ फुटपाथ/ नाली होने पर उसे शामिल कर) की कुल चौडाई के पश्चात से की जायेगी। नगरीय क्षेत्र के लिए गाइडलाइन में मार्ग मुख्य मार्ग कहलायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, मुख्य जिला मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क,लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क मुख्य मार्ग मानी जायेंगी। इनके अतिरिक्त ▶▶| शेष पेज 6 पर

### औद्योगिक व्यावसायिक संपत्ति के लिए

किसी उद्योग, औद्योगिक इकाई, प्लांट, मिल, फैक्ट्री, पेट्रोल पंप आदि किसी भी प्रकार की औद्योगिक व्यावसायिक संपत्ति अंतरण होने पर उसका मूल्यांकन पंजीयन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त वैल्यूअर द्वारा आंकलित मूल्य अथवा प्रतिफल जो भी अधिक होगा वह मान्य होगा।

### ये जगहें होंगी 20 प्रतिशत सस्ती

*ओव्हर ब्रिज तथा फ्लाईओवर के नीचे अथवा उसके दोनों तरफ प्रभावित मार्ग की सीमा तक बाजार मूल्य में 20 प्रतिशत की कमी कर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी, परन्तु इस हेतु पंजीयन अधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति का स्थल निरीक्षण कर तथ्यों का सत्यापन किया जायेगा तथा स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अनिवार्यतः दिया जाना होगा।*

### पुराने मकानों के लिए ये नियम

*10 वर्ष तक की अवधि में बने मकानों पर कोई छूट नहीं होगी। 10 वर्ष से अधिक 20 वर्ष तक की अवधि में बने मकानों में 10 प्रतिशत की छूट। 20 वर्ष से अधिक अवधि में बने मकानों में 20 प्रतिशत की छूट।*

### बहुमंजिली इमारतों के लिए...

*बहुमंजिला भवन (जहां प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम के प्रावधान लागू है) में फ्लैट,दुकान,कार्यालय अंतरण होने पर पूर्ण निर्मित क्षेत्र ( सुपर बिल्डअप एरिया) को आधार मानकर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी। खुली छत के अंतरण होने पर उक्त क्षेत्र के प्लाट दर का 70 प्रतिशत के आधार पर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी।*

### 11 फीट से अधिक ऊंची दुकान में फ्लोर बनाने पर 30 प्रतिशत अधिक दर

*ऐसी दुकान जिसकी ऊचाई 11 फुट से अधिक है, जिसमें मेजेनाइन फ्लोर,लाफ्ट (डबल-डेकर) बना लेते हैं तो निर्मित संपत्तियों के बाजार मूल्य में 30 प्रतिशत वृद्धि की जाकर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी। हर दस्तावेज में संपत्ति के निकटतम मुख्य मार्ग का नाम एवं उससे दूरी का उल्लेख किया जायेगा। यदि किसी दस्तावेज में निकटतम मुख्य मार्ग तथा उससे दूरी का उल्लेख नहीं है, तो यह उपधारणा की जायेगी कि संपत्ति मुख्य मार्ग में स्थित है उसके हिसाब से मूल्यांकन किया जाएगा।*

सीमावर्ती जंगलों में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन, लाल आतंक पर प्रहार

# जहां हिड़मा की मौत, वहां फोर्स ने सात और नक्सलियों को मार गिराया, इनमें बड़ा लीडर भी

- मारे गए नक्सलियों में शामिल 4 पुरुष, 3 महिला
- पुलिस के हाथ लगे 2 एके-47 समेत 8 हथियार

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा में मंगलवार को जिस जगह कुख्यात नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी राजे समेत छह नक्सलियों को ढेर किया गया था, वहीं बुधवार की सुबह फिर एक बड़ी मुठभेड़ हुई। इसमें एक बार फिर से पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में सात नक्सलियों को ढेर किया गया है, इनमें नक्सलियों का बड़ा लीडर जोगा उर्फ टेक शंकर को भी मार गया है। मारे गए 7 नक्सलियों में 4 पुरुष, 3 महिला शामिल हैं। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में पुलिस के हाथ 2 एके-47 समेत 8 हथियार भी लगे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

आंध्र प्रदेश पुलिस ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले में तड़के माओवादियों के साथ मुठभेड़ की। मुठभेड़ के बाद चले सर्च ऑपरेशन में सात शव बरामद हुए, जिनमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण नेता शामिल हैं। इसमें मेट्टूरी जोगा राव टेक शंकर एसजेडसीएम, इंचार्ज एओबी, ज्योति सरिता डीवीसीएम, सुरेश रमेश, लोकेश गणेश, सैने वासु, अनीता, शम्मी ये सभी एसीएम रैंक के कैडर, जो पूर्व में जगरगुंडा-दक्षिण बस्तर डिविजन में सक्रिय थे।


मौके से एके-47 राइफल सहित बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। ऑपरेशन से यह भी पुष्टि हुई है कि हिडमा की कोर प्रोटेक्शन टीम आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना की सीमा पर पुनर्गठन का प्रयास कर रही थी, तभी इन्हें बलों ने रोक लिया। हिड़मा का मारा जाना जो ▶▶| शेष पेज 6 पर






### मारे गए नक्सलियों पर इतना था ईनाम

फोर्स ने मुठभेड़ में 40 लाख के ईनामी टेक शंकर समेत 7 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया है। साथ ही सुबह हुई मुठभेड़ में 2 एके-47 सहित 8 हथियार भी हुए बरामद, मारे गए नक्सलियों में मेटरू जोगा राजाव उर्फ टेक शंकर स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य 40 लाख रुपए का ईनाम, सुरेश उर्फ रमेश स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य 40 लाख रुपए का ईनाम, ज्योति उर्फ सीतो डीवीसीएम सदस्य 8 लाख ▶▶| शेष पेज 6 पर





### अब माओवादी कैडरों के लिए कोई विकल्प नहीं

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि इन हालिया सफलताओं ने स्थायी शांति की दिशा में एक निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है। बस्तर के लोगों को गहरी राहत और भरोसा मिला है तथा शांति निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसर बने हैं। वर्तमान परिस्थितियों में बचे हुए माओवादी कैडरों के पास अब केवल एक ही विकल्प है, हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होना। ▶▶| शेष पेज 6 पर

## बॉर्डर पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़, इंस्पेक्टर शहीद

### पुलिस बल ने नक्सलियों को घेरा

*राजनांदगांव। प्रदेश में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत जिले के बॉर्डर क्षेत्र बोरतालाव के कंघुर्रा में सर्चिंग हेतु निकली पुलिस बल के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई, जो देर रात तक जारी है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों से लोहा लेते हॉक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। जंगल में मुठभेड़ देर रात तक जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को महाराष्ट्र, बालाघाट एवं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव-खैरागढ़ एवं केन्द्रीय सुरक्षा बल की टीम संयुक्त रूप से नक्सल विरोधी अभियान ऑपरेशन के लिए निकले हुए थे। इस दौरान सुबह लगभग 8-9 बजे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ बार्डर इलाके बोरतलाव के कंघुर्रा में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाल लिया और* ▶▶| शेष पेज 6 पर



### नक्सलियों से मुठभेड़ जारी

बताया गया कि छत्तीसगढ़ के बॉर्डर इलाके बोर तालाब के कंघुर्रा में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल द्वारा नक्सलियों को घेर लिए जाने की सूचना है। पुलिस को बड़ी सफलता मिलने की संभावना जताई जा रही है।

रायपुर में 10 ठिकानों पर जांच पड़ताल

# आरआई प्रमोशन घोटाला ईओडब्ल्यू ने मारे सात जिलों के 19 ठिकानों पर छापे



### राजस्व तथा आपदा प्रबंधन की शिकायत पर हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटवारी से आरआई बने सात जिलों के अधिकारियों के 19 ठिकानों पर ईओडब्लू ने बुधवार को ताबड़तोड़ छापे मारे। ईओडब्लू ने आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत अपराध दर्ज करने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों के घर धावा बोला है। मामला पदोन्नति परीक्षा में धांधली से जुड़ा हुआ है।

पटवारी से आरआई बनाने अनियमित चयन और अवैध संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें मिलने पर राज्य शासन के निर्देश पर राजस्व तथा आपदा प्रबंधन ने मार्च में ईओडब्लू में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत की पड़ताल के बाद ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने रायपुर में 10, गरियाबंद में 1, बेमेतरा में 1, बिलासपुर में 1, कांकेर में 1, बस्तर में 1, सरगुजा में 4 अफसरों के निवास पर तड़के साढ़े छह से सात बजे छापे की कार्रवाई की। ईओडब्लू, एसीबी ने इन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### चार आरआई के ठिकानों पर दी दबिश

अंबिकापुर। बुधवार को सरगुजा में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने शहर में चार रेवेन्यू इंस्पेक्टर के ठिकानों पर छापेमारी की है। टीम ने वर्ष 2024 में हुए आरआई भर्ती पेपर लीक मामले को लेकर छापा मारा है। एसीबी-ईओडब्ल्यू की इस छापेमारी से हड़कंप मच गया है। इस दौरान अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरआई से पूछताछ करने के साथ ही जांच की। हालांकि इस दौरान अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की है। अब तक यह पता नहीं चल पाया है की छापेमारी के दौरान क्या कुछ गड़बड़ियां मिली है। बुधवार की अल सुबह एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की टीम ने शहर के महुआपारा निवासी आरआई गौरीशंकर, फुंदुरडिहारी निवासी आरआई नरेश मौर्य, बौरीपारा शिकारी रोड निवासी आरआई धरम देव लकड़ा व कोणार्क सिटी निवासी आरआई अभिषेक सिंह के निवास पर छापेमारी ▶▶| शेष पेज 6 पर




# राष्ट्रपति आज अंबिकापुर में, जनजातीय गौरव दिवस में होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ की धरती अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान पर राज्य स्तरीय भव्य जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस आयोजन में शिरकत करेंगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### राज्यपाल और सीएम सहित ये होंगे शामिल

जनजातीय गौरव दिवस समारोह के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, आदिम जाति विकास मंत्री ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नृत्य महोत्सव, प्रदर्शनी, मेला भी

गौरव जनजातीय समारोह के दौरान 19 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय गौरवशाली इतिहास एवं जन नायकों पर अधारित संगोष्ठि (स्वतंत्रता संग्राम में जनजातियों का योगदान) आयोजन होगा। साथ ही उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव, शहीद वीर नारायण सिंह लोककला नृत्य प्रतियोगिता तथा सरगुजा संभाग राज्य स्तरीय जनजातीय विकास प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट मेला का आयोजन किया जाएगा।

फिल्म देखकर घर वापस आ रहे थे सभी

# खड़े ट्रक से भिड़ी स्कॉर्पियो, पांच की मौत, दो गंभीर, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मसोरा डोल नाका के पास नेशनल हाईवे 30 पर देर रात भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। हाईवे पर खराब होकर बीच सडक पर खड़ी एक ट्रक से तेज रफ्तार स्कार्पियो टकरा गई, जिसमें पिता-पुत्र समेत पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं की अन्य गंभीर रूप से घायल है, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो में कुल 12 युवक सवार थे, सभी फरसगांव के बड़ेडोंगर क्षेत्र के रहने वाले थे और कोंडागांव में फिल्म देखकर देर रात अपने गांव वापस आ रहे थे।

जानकारी के अनुसार स्कार्पियो सीजी 27 आर 7920 तेज रफ्तार में मसोरा टोल नाका कि ओर बढ़ रही थी, इस बीच टोल के पास एक ट्रक सीजी 04 एच यू 8214 ख़राब होकर हाईवे के बीचो-बीच खड़ी थी। रात होने और संकेत न होने के कारण स्कार्पियो चालक को ट्रक दिखाई नहीं दी और गाड़ी सीधे ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पिता, पुत्र और भतीजे की एक साथ जली चिता दो भाइयों को एक साथ किया गया दफन



### इनकी हुई मौत

नूतन मांझी पिता सावंत राम (18) , शत्रुघ्न मांझी पिता पुषऊ राम (26), लखनराम मंडावी पिता सूदन (40), भूपेंद्र मंडावी पिता लखन राम (17), रूपेश मंडावी पिता तिजाऊराम (23) सभी निवासी भैंसाबेड़ा बड़ेडोंगर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नूतन मांझी और भूपेश मंडावी दोनों कक्षा 11 वीं के छात्र थे, जो बड़ेडोगर के स्कूल में पढ़ रहे थे।

### गांव में पसरा मातम, पिता-पुत्र और भतीजे को एक ही चिता में दी गई मुखाग्नि

बड़ेडोंगर के भैसाबेड़ा गांव में मातम पसरा हुआ है। एक ही रात में पांच युवकों की मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है। शवों के पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को दोपहर के बाद सभी मृतकों का गांव में अंतिम यात्रा निकालने के बाद अंतिम संस्कार ▶▶| शेष पेज 6 पर



# 'सत्य साईं बाबा ने मानव जीवन के फोकस में रखा सेवा को'

एजेंसी ▶▶| अमरावती



आंध्र प्रदेश के श्री सत्यसाईं जिले में दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी वर्ष मनाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सत्य साईं बाबा आज भले हमारे बीच में नहीं लेकिन उनका प्रेम और सेवा भावना करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति है। पीएम मोदी ने कहा कि 140 देशों में सत्य साईं बाबा के लाखों भक्तों को नई रोशनी और दिशा मिल रही है। उनके अनुयायी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने सेवा को मानव जीवन के फोकस में रखा। हमारी अलग-अलग आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराएं एक ही विचार की तरफ ले जाती हैं, चाहे कोई भक्ति, ज्ञान या कर्म के रास्ते पर चले। पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के मौके पर उनकी स्मृति में एक सिक्का और डाक टिकटों का सेट भी जारी किया। पीएम मोदी ने आध्यात्मिक गुरु को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं और सेवा संसार में उनके लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन हमेशा करती रहेंगी।

### स्मृति में सिक्का और डाक टिकटों का सेट भी जारी

140 देशों में हैं भक्त, सचिन-ऐश्वर्या भी कार्यक्रम में शामिल



### ये हस्तियां रहीं मौजूद

इस मौके पर कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और अन्य कई बड़े नाम भी मौजूद रहे। श्री सत्य साईं का 84 साल की उम्र में निधन हुआ था। उनका जनम 23 नवंबर, 1926 को आंध्र प्रदेश के पुत्तापर्थी में हुआ था। श्री सत्य साईं ने 20 अप्रैल, 2011 को अंतिम सांस लेकर इस दुनिया को अलविदा कहा था। उनके अनुयाईयों में तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हैं। पीएम मोदी खुद को भी श्री सत्य साईं से मिले थे। उन्होंने शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने से पहले सोशल मीडिया पर अपनी पुरानी तस्वीरों साझा की थीं।

### ऐश्वर्या ने कहा- सिर्फ एक धर्म है मानवता

आंध्र प्रदेश के पुट्टापर्थी में श्री सत्य साईं बाबा की 99वीं जयंती मनाई गई, इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बॉलीवुड अदाकारा ऐश्वर्या राय भी शामिल हुईं। ऐश्वर्या जब स्टेज पर आईं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरण स्पर्श किए। इसके बाद ऐश्वर्या पब्लिक से मुखातिब हुईं और लोगों को धर्म, जाति और भाषा के बारे में समझाया। ऐश्वर्या राय ने कहा- "केवल एक ही जाति है, मानवता की जाति, केवल एक ही धर्म है प्रेम का धर्म और केवल एक ही भाषा है हृदय की भाषा और केवल एक ही ईश्वर है और वह सर्वव्यापी है।"ऐश्वर्या ने आगे सत्य साईं बाबा का जिक्र किया और कहा कि वे हमेशा सेवा और प्रेम की बात करते थे।

## खबर संक्षेप

### हिंसा के बाद पहली बार मणिपुर जाएंगे भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद पहली बार मणिपुर का दौरा करेंगे। संगठन के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वह 20 नवंबर को मणिपुर पहुंचेंगे और 22 नवंबर 2025 को उनकी वापसी होगी। संघ के मणिपुर के सह-सरकार्यवाह तरुण कुमार शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रवास के दौरान भागवत नागरिकों, उद्यमियों और आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे सरसंघचालक का राज्य का दौरा संघ के शताब्दी समारोह के सिलसिले में है। वह 20 नवंबर को गुवाहाटी से यहां आ रहे हैं और 22 नवंबर को उनकी वापसी होगी।' संघ के एक अन्य पदाधिकारी ने बताया कि दो साल पहले हिंसा भड़कने के बाद से भागवत का यह पहला दौरा होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने आखिरी बार 2022 में राज्य का दौरा किया था। शर्मा ने बताया कि उनकी यात्रा के कार्यक्रम के तहत प्रमुख नागरिकों, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों और युवा नेताओं के साथ अलग-अलग संवादात्मक सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'अपने आगमन के दिन वह इंफाल के कोंजेंग लेइकाई में एक कार्यक्रम में उद्यमियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलेंगे। 21 नवंबर को भागवत मणिपुर के पहाड़ी इलाकों के आदिवासी नेताओं से मिलेंगे और बातचीत करेंगे।'

### खुलासा : यूके सांसदों को टारगेट कर रहे चीनी जासूस

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमआई5 ने चेतावनी दी है कि चीन की खुफिया एजेंसी से जुड़े लोग लिंक्डइन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर ब्रिटिश सांसदों और लॉर्ड्स को निशाना बना रहे हैं। एमआई5 ने ब्रिटेन के सांसदों को चेतावनी दी है कि चीन की ओर से उन पर गुप्त और सुनियोजित तरीके से जासूसी करने और भर्ती करने की कोशिश की जा रही है। मंगलवार को एमआई 5 ने संसद को बताया कि दो लिंक्डइन प्रोफाइल अमांडा क्यू और शर्ली शेन चीनी इंटेलिजेंस सर्विस से जुड़े लोगों द्वारा संचालित थीं. इनके जरिए सांसदों से बड़े पैमाने पर संपर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसाने की कोशिश की जा रही थी। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने हाउस ऑफ कॉमंस में कहा कि ये पूरा अभियान 'कवर्ट एंड केलकुलेटेड' यानी गुप्त, सुनियोजित और खतरनाक तरीके से चलाया जा रहा था। उनके अनुसार ये प्रोफाइल खास तौर पर उन नेताओं पर फोकस करती थीं जिनके पास यूके सरकार और संसद से जुड़ी संवेदनशील जानकारी की पहुंच है।

### ओप्पो को फाइंड एक्स9 की बिक्री वृद्धि की उम्मीद

**पणजी।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी ओप्पो को देश में महंगे स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के कारण उसके प्रमुख उपकरण फाइंड एक्स9 की बिक्री में लगभग तीन गुना वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी। ओप्पो के उत्पाद रणनीति प्रमुख पीटर डोह्युंग ली ने ''पीटीआई-भाषा'' को बताया कि भारत में लगभग 10 करोड़ ओप्पो स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं, साथ ही अन्य ब्रांड के लाखों उपयोगकर्ता भी अपना फोन बदलना का विचार कर रहे हैं। कंपनी का नया पेश किया गया प्रमुख उपकरण फाइंड एक्स9 एआई-सक्षम, उपयोगकर्ता-अनुकूल और टिकाऊ स्मार्टफोन है इसलिए यह एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा, भारत में ओप्पो के लाखों उपयोगकर्ता अपने फोन को ज्यादा बेहतर और महंगे मॉडल में बदलने का इंतजार कर रहे हैं।

## लाल किला ब्लास्ट मामले में बड़ा एक्शन

# रात में लगी अदालत, 13 दिन की ईडी हिरासत में 'अल-फलाह' चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने अल-फलाह समूह के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत में भेज दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने मध्यरात्रि बाद अपने चैंबर में सुनवाई कर यह आदेश पारित किया। साकेत कोर्ट की एडिशनल सेशन जज शीतल चौधरी प्रधान के घर में रात 11:00 बजे अल फलाह विश्वविद्यालय के संस्थापक को पेश किया गया था। रिमांड आदेश में अदालत ने कहा है कि सिद्दीकी के खिलाफ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी, फर्जी मान्यता दावे करने और अल-फलाह विश्वविद्यालय से प्राप्त धन को अन्यत्र हस्तांतरित करने से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध का संलिप्त होने के पर्याप्त आधार मौजूद हैं। अदालत ने माना कि यह धनराशि धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के प्रयोग से सीधे प्राप्त हुई थी, जो पीएमएलए की अनुसूची में शामिल अपराध हैं। इसलिए हिरासत में पूछताछ को उचित ठहराया गया।

### आतंकी डॉक्टरों का ठिकाना रही है यह यूनिवर्सिटी




### सबूत नष्ट करने की संभावना

ईडी ने सिद्दीकी को कल मंगलवार देर रात पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया कि जांच प्रारंभिक चरण में है और हिरासत में पूछताछ जरूरी है ताकि अपराध की आगे की कड़ियों का पता लगाया जा सके। लाल किला के पास 10 नवंबर को धमाका हुआ था इसमें की लोगों की जानें गई थीं।

### यूनिवर्सिटी के 10 लोग लापता

दिल्ली में लाल किला के पास हुए कार ब्लास्ट के बाद हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी एक बार फिर शक के घेरे में है। यूनिवर्सिटी से जुड़े 10 लोग दिल्ली ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। उनके फोन भी बंद है। एजेंसी को शक है कि ये सभी ब्लास्ट में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राउंड वर्कर का काम कर रहे थे।

### 7 साल में 415 करोड़ की कमाई! एक ही पैन नंबर से सारा खेल

आतंकी डॉक्टरों का ठिकाना बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को लेकर सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। अभी तक की जांच में पता चला है कि यूनिवर्सिटी को सात साल में 415 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। ईडी का दावा है कि यह राशि अपराध से प्राप्त आय है, क्योंकि इस अवधि में विश्वविद्यालय ने अपनी मान्यता और वैधानिक स्थिति को जनता के समक्ष गलत तरीके से प्रस्तुत किया था। यूनिवर्सिटी से जुड़ी तमाम शेल कंपनियां भी मिली हैं। एक ही पैन नंबर से सारे लेनदेन का खेल हो रहा था, जिससे साफ है कि वित्तीय नियंत्रण एक ही ट्रस्ट के हाथ में है।

### 20 से 78 एकड़ में बदली यूनिवर्सिटी

यूनिवर्सिटी की शुरुआत 20 एकड़ से हुई थी और 78 एकड़ तक इसका विस्तार हुआ। सात साल में ट्रस्ट की कमाई 24 करोड़ से 415.10 करोड़ तक पहुंच गई। जांच एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2024-25 तक के इनकम टैक्स रिटर्न खंगाले तो पता चला। ट्रस्ट ने 2014-15 और 2015-16 में 30.89 करोड़ और 29.48 करोड़ रुपये की कमाई दान दिखाई। 2016-17 से आगे कमाई को शैक्षणिक आय दिखाना शुरू किया गया। वित्त वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक आय में बड़ा इजाफा दिखाया गया। शैक्षणिक फीस और अन्य शुल्कों के नाम पर हर साल भारी रकम दिखाई गई।

## जजों-रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स समेत 272 हस्तियों ने लिखा ओपन लेटर

# 'राहुल चुनाव आयोग को कर रहे हैं बदनाम'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राहुल गांधी पर चुनाव आयोग को बदनाम करने के आरोप लगाए गए हैं। 272 प्रतिष्ठित नागरिकों जिनमें 16 न्यायाधीश, 14 राजदूतों सहित 123 सेवानिवृत्त नौकरशाह, 133 सेवानिवृत्त सशस्त्र बल अधिकारी शामिल हैं ने एक खुला पत्र लिखा है। इस लेटर में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने के प्रयासों की निंदा की गयी है।

इस पत्र में कांग्रेस और विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाया गया है कि वे लगातार बेबुनियाद आरोपों के जरिए चुनाव आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं की साख खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि भारत का लोकतंत्र आज किसी बाहरी हमले से नहीं बल्कि जहरीली राजनीतिक बयानबाजी से चुनौती का सामना कर रहा है। सिग्नेटरी में विपक्ष की ओर से ईसी के खिलाफ 'प्रूफ होने' का दावा किया जा रहा है, लेकिन कोई औपचारिक शिकायत या हलफनामा अब तक नहीं दिया गया है, जिससे यह साबित होता है कि आरोप सिर्फ राजनीतिक रणनीति हैं, सच्चाई नहीं।

**ईसी को 'बीजेपी की बी-टीम' बताना 'राजनीतिक हताशा'-** दिग्गजों के अनुसार ईसी ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक किया है, कोर्ट की निगरानी वाले तरीकों से सत्यापन किया है, फर्जी वोटरों को हटाया है और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा है। ऐसे में ईसी को 'बीजेपी की बी-टीम' बताना एक 'राजनीतिक हताशा' है(

### यह था राहुल का आरोप

राहुल गांधी ने वोट चोरी करने व चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर काम करने के आरोप लगाए थे। पत्र में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हालिया टिप्पणियों का जिक्र किया गया है, जिनमें उन्होंने ईसी पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया था और यहां तक कहा था कि उनकी खोज 'एटम बम' जैसी है। पत्र में यह भी कहा गया कि इस तरह के बयानों से चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाने की कोशिश झलकती है।

# एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर के खिलाफ केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है और इस प्रक्रिया को स्थगित करने की मांग की है। सरकार का कहना है कि जिस तरह से इसे चलाया जा रहा है, वो देश के लोकतांत्रिक ढांचे और राजनीति के लिए अनुकूल नहीं है। राज्य सरकार ने चेतावनी दी है कि अगर दिसंबर में स्थानीय निकाय चुनावों के साथ-साथ इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी गई तो प्रशासनिक गतिरोध पैदा हो सकता है। याचिका में केरल ने मांग की है कि स्थानीय निकाय चुनाव पूरे होने तक एसआईआर की सभी कार्यवाहियों को रोक दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि स्थानीय निकायों में नई शासन-व्यवस्था (नई परिषद/बॉडी) 21 दिसंबर को कार्यभार संभालने वाली है। इससे पहले राज्य सरकार हाई कोर्ट गई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि एसआईआर से जुड़ी सभी अन्य याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं, इसलिए सरकार को सीधे सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। केरल में भी अन्य 11 प्रदेशों की तरह 4 नवंबर से जारी मतदाता सूची शोधन अभियान के तहत 96.15 फीसदी मतदाताओं तक गणना फॉर्म पहुंचा दिए गए हैं। अब तक 24,468 बूथ लेवल ऑफिसर और 54,624 बीएलए घर-घर जाकर 2,67,78,609 फॉर्म पहुंचा चुके हैं। भरकर वापस मिले फॉर्म्स में से 1.04 फीसदी यानी दो लाख 89 हजार 795 को डिजिटलाइज्ड भी कर दिया गया है। केरल सरकार ने तर्क दिया कि इस समय स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया चल रही है। साथ ही, एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम इस पर शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। हालांकि, वकील ने मांग की कि इस मामले को कल ही सुन लिया जाए। इस पर सीजेआई ने इनकार किया और कहा- हम शुक्रवार को सुनवाई करेंगे।



### भारतीय कंपनियों का साइबर खतरों से निपटने पर जोर

**मुंबई।** देश की अधिकतर कंपनियां साइबर और डेटा गोपनीयता के खतरों से निपटने पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही हैं। बुधवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। बढ़ते डिजिटल व्यवधानों, प्रतिभा चुनौतियों एवं नियामकीय जटिलताओं के बीच वैश्विक व्यावसायिक सेवा कंपनी एओन के 2025 वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण के अनुसार, '' साइबर हमले एवं डेटा उल्लंघन '' भारतीय व्यवसायों के लिए चिंता को सबसे बड़ा विषय बने हुए हैं। साथ ही " डेटा गोपनीयता आवश्यकताएं/गैर-अनुपालन" एक बड़ी चिंता बनकर उभरी हैं जो वैश्विक एवं स्थानीय नियामकीय ढांचे के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। मेहरा ने कहा कि मजबूत जोखिम प्रबंधन रणनीतियों में निवेश करके एवं दूरदर्शी मानसिकता को बढ़ावा देकर, भारतीय कंपनियां आज के जटिल माहौल में बेहतर ढंग से काम कर सकती हैं और दीर्घकालिक सफलता के लिए खुद को तैयार कर सकती हैं। यह द्विवार्षिक सर्वेक्षण भारत सहित 63 देशों के करीब 3,000 जोखिम प्रबंधकों, 'सी-सूट' दिग्गजों और अधिकारियों की अंतर्दृष्टि पर आधारित है।



# ट्रंप ने सऊदी क्राउन को दे दी क्लीन चिट

**खशोगी हत्याकांड पर अमेरिकी खुफिया एजेंसी को ही बता दिया झूठा**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार, 18 नवंबर को व्हाइट हाउस में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बैठक की। क्राउन प्रिंस का यह दौरा अपने आप में सुर्खियां बंटोरने वाला था क्योंकि सऊदी एजेंटों द्वारा वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हत्या के बाद पहली बार सऊदी अरब के वास्तविक नेता ने व्हाइट हाउस की यात्रा की है। ट्रंप ने यहां खशोगी की हत्या के मुद्दे पर पर क्राउन प्रिंस का बचाव किया। एबीसी की महिला पत्रकार के सवाल पर ट्रंप ने कहा, खशोगी को बताते हुए कहा, 'चाहे आप उन्हें पसंद करें या नापसंद करें, चीजें होती रहती हैं।.. लेकिन (प्रिंस मोहम्मद) को इसके बारे में कुछ नहीं पता था। और हम इसे (इस बात को) वहीं छोड़ सकते हैं। आपको इस तरह का सवाल पूछकर हमारे मेहमान को शर्मिंदा करने की जरूरत नहीं है।'



### यह हुई डील

व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका और सऊदी अरब ने नागरिक परमाणु ऊर्जा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। एक बयान में कहा, दोनों देशों ने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक 'संयुक्त घोषणा' की पुष्टि की है जो 'मजबूत अप्रसार मानकों' के अनुरूप 'दशकों लंबी, अरबों डॉलर की परमाणु ऊर्जा साझेदारी के लिए कानूनी आधार तैयार करती है।

### 'प्रिंस ने अपने एजेंटों से कराई थी हत्या'

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने यह पाया था कि दरअसलर प्रिंस मोहम्मद ने ही संभवतः अपने एजेंटों को इस हत्या के लिए निर्देश दिया था। दरअसल सऊदी के शासक वर्ग के कट्टर आलोचक खशोगी को निशाना बनाकर किए गए ऑपरेशन से अमेरिका-सऊदी संबंधों में खटास आ गई थी। अब ट्रंप ने अपने बयान से अपने देश की एजेंसियों को ही झूठा साबित कर दिया है।

## मौजूदा साल 2025 में 2 हजार से ज्यादा भारतीयों की अमेरिका से हुई वतन वापसी

# गैंगस्टर बिश्नोई समेत अमेरिका से वापस लौटे 200 भारतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बनाई गई जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमेरिका में ताबड़तोड़ अंदाज में एक्शन जारी है। जिसका नतीजा ये है कि मौजूदा साल 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक बड़ी तादाद में भारत समेत अन्य देशों के कई अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है।

ताजा मामला बुधवार को अमेरिका से देश वापस लौटे 200 भारतीयों से जुड़ा हुआ है, जिसमें गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई, भारत के पंजाब राज्य के 2 भगोड़े अपराधी और बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश के साथ बसने की सोच रहे 197 साधारण नागरिक भी शामिल हैं। इनका विमान 19 नवंबर की सुबह राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा था। जहां मौजूद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने बिश्नोई को हिरासत में लेकर उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया है। 2022 में देश छोड़कर भागा था अनमोल

गौरतलब है कि अनमोल बिश्नोई जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है। 2022 में हुई सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या से कुछ हफ्ते पहले ही अनमोल बिश्नोई फर्जी पासपोर्ट की मदद से देश छोड़कर भागा था।



### 5 फरवरी को रवाना हुआ पहला विमान

अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लेकर पहला विमान 5 फरवरी और दूसरा विमान 15 फरवरी 2025 को पंजाब के अमृतसर हवाईअड्डे पर लैंड हुआ था। भारत पहुंचे लोगों में पंजाब के 620, हरियाणा के 604, गुजरात के 245 और उत्तर-प्रदेश के 38 लोग शामिल हैं।

### 2 हजार से अधिक भारतीय वापस भेजे गए

विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से 2025 के जनवरी से लेकर सितंबर महीने तक अमेरिका से वापस भारत भेजे गए नागरिकों की संख्या 2 हजार 417 है। जिनमें से अधिकतर लोग पंजाब, हरियाणा, गुजरात और उत्तर-प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी ने अपने-अपने लुभावने सपनों के साथ किसी ने किसी रूप में अवैध ढंग से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश की थी। लेकिन इसमें नाकाम रहने की वजह से इन्हें वापस भेजा गया। इसके अलावा अगर पिछले चार सालों की स्थिति देखें तो वर्ष 2020 से 2024 तक अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीयों की कुल संख्या 5 हजार 541 रही है। वर्तमान वर्ष में जनवरी से लेकर जुलाई तक 1 हजार 703 भारतीय नागरिकों की देश वापसी हुई है। जिनमें 1 हजार 562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं।

### भारत को भी मंजूर नहीं अवैध प्रवासी

अवैध प्रवासियों के मामले में अमेरिका की तरह ही भारत ने भी कड़ा रुख अख्तियार किया हुआ है। विदेश मंत्रालय इसे लेकर यह स्पष्ट कर चुका है कि वह अवैध ढंग से या जाली दस्तावेजों की मदद से दुनिया के किसी भी देश में भारतीयों के प्रवेश के सख्त खिलाफ है। ऐसे मामलों में पकड़े जाने के बाद व्यक्ति विशेष से लेकर पूरे देश की छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो जाती है।इस संबंध में अगर किसी व्यक्ति को पकड़े जाने के बाद वापस स्वदेश भेजा जाता है। तो उस स्थिति में मंत्रालय उसके पहचान से जुड़े हुए सभी दस्तावेजों की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल कर संतुष्ट होने के बाद ही उसे बतौर देश के नागरिक के रूप में स्वीकार करेगा। मामले पर दोनों देश एकजुटता से काम कर रहे हैं। भारत, अमेरिका को पूरी तरह से अपना सहयोग प्रदान कर रहा है।

### अदाणी को जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह को जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की मंजूरी मिल गयी है। कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने अदाणी समूह के पक्ष में वोट किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी के 14,535 करोड़ रुपये के अधिग्रहण प्रस्ताव में प्रतिद्वंद्वी बोलीदाताओं की तुलना में शुरुआत में अधिक भुगतान शामिल है। कर्जदाताओं की एक समिति ने अदाणी समूह, वेदांता लिमिटेड और डालमिया सीमेंट सहित दावेदारों द्वारा प्रस्तुत समाधान योजनाओं पर मतदान किया। सूत्रों ने बताया कि अदाणी को ऋणदाताओं से सबसे अधिक 89 प्रतिशत वोट मिले। उसके बाद डालमिया सीमेंट (भारत) और वेदांता समूह का स्थान रहा। इस प्रक्रिया में नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. की सबसे बड़ी भूमिका थी क्योंकि उसके पास ऋणदाताओं की समिति के लगभग 86 प्रतिशत वोटिंग शेयर हैं।

बिलासपुर

गुरुवार, 20 नवंबर 2025

अगहन कृष्ण पक्ष अमावस्या

वर्ष : 25, अंक : 237

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 27.7

न्यून. 13.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7

कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर दुनिया को चौंकाया

विचार पेज

शिक्षित वर्ग को शिकार बना रहे आतंकी







# प्ले स्कूल जिला शिक्षा कार्यालय के अधीन, 3 वर्ष से छोटे बच्चे को दाखिला नहीं, दंड भी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

लंबी कवायद के बाद अंततः प्ले स्कूलों को जिला शिक्षा कार्यालय के अधीन कर दिया गया है। बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया। प्ले स्कूलों से संबंधित नियम निर्धारित करने कुछ माह पूर्व कमेटी गठित की गई थी। इसके पूर्व तक इस बात पर कश्मकश की स्थिति थी कि प्ले स्कूल को स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन किया जाएगा अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग इसकी निगरानी करेगा? अब आदेश जारी होने के साथ ही इस संदर्भ में स्थिति स्पष्ट हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ही प्ले स्कूलों की मॉनिटरिंग करेगा। जिला स्तर पर इसकी जिम्मेदारी जिला शिक्षा कार्यालयों की होगी। उन्हें इस संदर्भ में आदेश भी प्रेषित कर दिया गया है। आदेश के साथ ही वह नियमावली भी प्रेषित कर दी गई है, जिसमें उन बिंदुओं का जिक्र है, जिसके अनुसार ▶▶| शेष पेज 6 पर

## स्कूल शिक्षा विभाग ने लागू किया प्ले स्कूल एक्ट, हरिभूमि पहले ही दे चुका था जानकारी

### ऐसा है प्ले स्कूल एक्ट

- पंजीयन के लिए आवेदन करने वाले संस्थान को अपने नाम के आगे प्ले स्कूल अनिवार्य रूप से लिखना होगा।
- शिक्षकों की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा पूर्व प्राथमिक विद्यालयों के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो।



आगामी तीन माह के अंदर सभी प्ले स्कूलों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

- कोई भी बालक अथवा बालिका जिनकी आयु तीन वर्ष से कम हो, उनका दाखिला प्ले स्कूल अथवा पूर्व माध्यमिक शाला में नहीं किया जा सकेगा। अर्थात यहां एडमिशन के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष निर्धारित है। आयु निर्धारण के लिए शासन के नियमानुसार दस्तावेज मान्य रहेंगे।
- किसी भी बच्चे को शारीरिक दंड नहीं दिया जा सकेगा। किसी भी रूप में उनका मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जा सकेगा।
- पालक-शिक्षक समिति का ▶▶| शेष पेज6 पर

### चार घंटे से अधिक कक्षा नहीं

प्ले स्कूल का समय तीन से चार घंटे ही होगा। इससे अधिक समय तक कक्षाएं संचालित नहीं की जा सकेंगी। नियमों के साथ उन सुविधाओं की सूची भी जारी की गई है, जिनका प्ले स्कूलों में होना अनिवार्य है। स्कूल के सभी कमरे हवादार होने चाहिए। बालक और बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। बच्चों के लिए पृथक आराम कक्ष, सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल सुविधा, प्ले ग्राउंड, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र, बाउंड्रीवॉल, पेस्ट कंट्रोल जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। पुस्तकालय, खेल सामग्री भी बच्चों की संख्यानुसार उपलब्ध होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कोलंबो की दो उड़ानें तिरुवनंतपुरम डायवर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** पश्चिम एशिया क्षेत्र से श्रीलंका के कोलंबो जा रहे दो विमानों को खराब मौसम के कारण तिरुवनंतपुरम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को तिरुवनंतपुरम में उतारा गया है, जिनमें से एक इस्तांबुल से आ रहा तुर्किश एयरलाइन का एक विमान था, जिसमें कुल 258 यात्री और 10 विमानकर्मी सवार थे।



### अफ्रीकी महिला कोकीन के साथ गिरफ्तार

**इंदौर।** मप्र पुलिस के नारकोटिक्स दस्ते ने विद्यार्थी वीजा पर भारत आई 25-वर्षीय एक अफ्रीकी महिला को कोकीन की तस्करी के आरोप में यहां गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर शहर के रेसीडेंसी क्षेत्र में गिरफ्तार आरोपी की पहचान लिंडा (25) के रूप में हुई है। अफ्रीकी महिला मुंबई से बस के जरिये इंदौर आई थी और उसके कब्जे से लगभग 31 ग्राम कोकीन बरामद की गयी। मादक पदार्थों के बाजार में कोकीन की इस खेप की कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी जा रही है।

### धोखाधड़ी, लालू परिवार का करीबी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। कात्याल को एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया। गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उसे छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया।



### 'ताला-चाबी' गिरोह के दो सदस्य धरे गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में 1.5 करोड़ रुपए की चोरी के मामले में 'ताला-चाबी' गिरोह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। चोरी करने से पहले यह गिरोह चाबी बनाने वालों के रूप में कई दिनों तक घरों की टोह लेता है। 12 सितंबर को हुई इस चोरी में कृष्णा नगर निवासी मन्ना लाल सुराणा के घर से लगभग एक किलोग्राम सोना, 11 किलोग्राम चांदी के आभूषण, कई हीरे के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा लिया गया था। शिकायतकर्ता घर लौटा तो उसने देखा कि मुख्य द्वार, भीतर के दरवाजों व अलमारियों के ताले टूटे हुए हैं।

# नीतीश को लेकर एनडीए एकमत, 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की आज लेंगे शपथ

*मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा नई सरकार बनाने का दावा किया पेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*बिहार में नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को सीएम नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है, साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायकों का समर्थन पत्र देकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके साथ ही 17वीं बिहार विधानसभा भंग हो गई है। इससे पहले, एनडीए की विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना गया। वे गुरुवार को 10 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।*

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार करते हुए नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की और उनसे कार्यकारी मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया। नीतीश भाजपा नेता सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान और रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के साथ राज्यपाल से मिलने पहुंचे। गठबंधन नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि राजग के पास बहुमत का समर्थन है, इसलिए उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया जाए। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

- नीतीश के प्रस्ताव पर जदयू-लोजपा और सहयोगी दलों के विधायकों का समर्थन
- भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए चौधरी



### राज्य खूब आगे बढ़ेगा : नीतीश

*विधानसभा के सेंट्रल हॉल में नीतीश कुमार ने कहा, सब जगह से फायदा हो रहा है। पहले से तो अपना राज्य अच्छा बढ़ रहा है और खूब आगे बढ़ेगा। पहले वालों ने कोई काम किया क्या? 2005 में जब हम लोग आए तो हम लोगों ने काम करना शुरू किया। इस बार तो और ज्यादा विकास होगा।*

### पीएम मोदी, शाह समेत कई नेता होंगे शामिल

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे।

### चौधरी ने रखा नीतीश के नाम का प्रस्ताव

भाजपा विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने नीतीश को एनडीए का नेता चुने जाने का प्रस्ताव रखा। जेडीयू के विजेंद्र यादव ने प्रस्ताव का समर्थन किया। एलजेपीआर विधायक दल के नेता राजू तिवारी ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया। इसी के साथ यह तय हो गया कि नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री होंगे।

### नवंबर का लकी महीना

नवंबर का महीना नीतीश कुमार के लिए लकी रहा है। ये पांचवीं बार होगा जब नवंबर महीने में नीतीश कुमार सीएम पद की शपथ लेंगे। पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होना है। पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

### एनडीए को मिली हैं 202 सीटें

कुल विधानसभा में राजग ने 202 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। चुनाव में भाजपा को 89, जदयू को 85, लोजपा (रामविलास) को 19, 'हम' को पांच और रालोमो को चार सीटें मिली हैं।

# छत्तीसगढ़ अब पिछड़ा नहीं विकसित राज्य : शिवराज

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के राज्य स्तरीय समारोह में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 24 लाख से ज्यादा किसानों को 494 करोड़ की राशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर बुधवार को अंतरित की। इसके लिए धमतरी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की। डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कई मंत्री, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की 21वीं किस्त

कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर में बुधवार को प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के रूप में 18,000 करोड़ रुपए वितरित किए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है।

## पुलिस अफसरों के घर घुसने की धमकी देने का मामला

# करणी सेना का अध्यक्ष पहुंचा थाने गिरफ्तारी के बाद मिली जमानत



*मौदहापारा थाने के बाहर बड़ी संख्या में जुटी रही भीड़।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सूदखोरी के आरोपी वीरेंद्र तोमर के जुलूस को लेकर उठाया था पुलिस पर सवाल

सूदखोर, हिस्ट्रीशटर वीरेंद्र तोमर की गिरफ्तारी का विरोध कर एसएसपी तथा जांच अधिकारी के घर घुसने की धमकी देने वाले क्षत्रीय करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत बुधवार को समर्थकों के साथ मौदहापारा थाना में गिरफ्तारी देने पहुंचे। शेखावत अपने साथ वकील लेकर पहुंचे थे। थाना में जरूरी कानूनी खानापूर्ति करने के बाद पुलिस ने राज शेखावत को मुचलके पर थाने से रिहा कर दिया। इस बात की पुष्टि एएसपी लखन पटले ने की है।

गिरफ्तारी देने पहुंचे राज शेखावत के साथ उनके समर्थक थाना भी थे। समर्थकों ने राज के पक्ष में तथा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते दिखे। मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एएसपी, दो सीएसपी तथा शहर के पांच थाना प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। शेखावत ने दो दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर 'आमंत्रण यात्रा' निकालने और शाम चार बजे थाने में गिरफ्तारी देने की घोषणा की थी। मामला तब तूल पकड़ गया जब सूदखोरी के आरोपी वीरेंद्र तोमर के जुलूस को लेकर पुलिस पर सवाल उठाते हुए पुलिसकर्मियों के घरों में घुसकर कार्रवाई करने की धमकी दी थी। इसके बाद पुरानी बस्ती थाना प्रभारी रहे टीआई योगेश कश्यप की शिकायत पर मौदहापारा थाने में राज शेखावत पर अपराध दर्ज किया गया।



# विधेयकों पर मंजूरी की समय सीमा तय करने फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गवर्नर और राष्ट्रपति की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को बड़ा फैसला सुना सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 14 सवालों पर शीर्ष अदालत की पांच जजों की संविधान पीठ अपनी राय देने वाली है। इस फैसले का देश की संघीय व्यवस्था, राज्यों के अधिकार और गवर्नर की भूमिका पर दूरगामी प्रभाव होगा।

### गवर्नर को 3 महीने में निर्णय लेने का दिया था फैसला

इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने 10 दिन की मैराथन सुनवाई के बाद सितंबर में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल खोलेगा राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एवं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को बुधवार को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। एनआईए ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के उपरांत गिरफ्तार किए गए अनमोल को शाम करीब पांच बजे पटियाला हाउस अदालत में पेश किया।



### अमेरिका से किया गया प्रत्यर्पित

राकांपा के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया।

### मार्च में आरोप पत्र

अनमोल के खिलाफ एनआईए ने मार्च 2023 में उस वक्त आरोप-पत्र दाखिल किया था, जब मामले की जांच में यह बात सामने आई थी कि उसने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में घोषित आतंकवादी गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी।

## यूएस-57 जेट देने को तैयार, बिना शर्त टेक्नोलॉजी भी करेगा ट्रांसफर

# भारत को अब रूस देगा अपना 'किलर'!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आ रहे हैं, लेकिन उससे पहले ही मॉस्को से एक ऐसी खबर आई है, जो भारतीय वायुसेना की भविष्य की ताकत को कई गुना बढ़ा सकती है। रूस ने अपने सबसे आधुनिक और घातक हथियार एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट को लेकर भारत के सामने एक 'ओपन ऑफर' रख दिया है। खास बात यह है कि रूस ने न केवल भारत की तकनीकी मांगों को स्वीकार किया है, बल्कि यह भी कहा है कि वह बिना किसी पाबंदी के इस विमान की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इंजन से लेकर रडार तक सब कुछ

आम भारतीय के लिए यह खबर इसलिए मायने रखती है क्योंकि यह सिर्फ एक विमान खरीदने का सौदा नहीं है, बल्कि भारत में ही इसे बनाने की तैयारी है। रूस की सरकारी हथियार निर्यातक कंपनी 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' ने प्रस्ताव दिया है कि एसयू-57 का उत्पादन भारत में भी किया जा सकता है। इस प्रस्ताव के तहत रूस 'टेक्नोलॉजी ट्रांसफर' के जरिए भारत को वो तकनीक देगा जो अब तक बेहद गुप्त मानी जाती थी।



### फिफ्थ-जनरेशन का फाइटर जेट

सुखोई एसयू-57ई रूस का सबसे एडवांस फिफ्थ-जनरेशन का फाइटर जेट है। माना जा रहा है कि इसे भारत की जरूरतों को ध्यान में रखकर खास तौर पर अपग्रेड किया गया है। रूसी एसयू-57ई फाइटर जेट दुश्मन के रडार से ज्यादा देर तक छिपा रह सकता है। इसमें एडवांस सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम लगा है और ये जेट आवाज की रफ्तार से भी तेज उड़ान भर सकता है।

### भारत को लगातार ऑफर दे रहा रूस

रूस कई व्यापारिक मामलों में भारत के लगातार करीब आने की कोशिश में है। पहले भारत को सस्ता कच्चा तेल बेचा। फिर कहा कि वह भारत को एलएनजी की सप्लाई बढ़ाना चाहता है। अब बात बंदरगाह पर आ गई है। रूस ने भारत को जहाज बनाने के क्षेत्र में कई नए प्रस्ताव दिए हैं। रूस भारत के लिए मछली पकड़ने वाले जहाज, यात्री जहाज और सहायक जहाजों के मौजूदा डिजाइन दे सकता है।

## चिंतन

# विस्तारवादी चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

हिन्दी की बहुत पुरानी कहावत है, चोर चोरी से जाए पर हेराफेरी से न जाए। ये हमारे पड़ोसी चीन पर पूरी तरह से फिट बैठती है। चीन चाहे भारत का मित्र होने के हजार दावे करे, लेकिन सच्चाई यही है कि जब भी उसे मौका मिलता है, वो अपनी नापाक हरकत करने से बाज नहीं आता। उसकी ऐसी ही एक करतूत का खुलासा अमेरिकी रिपोर्ट में हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया। चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हर संभव प्रयास किया कि किसी भी तरह से दुनिया के हथियारों को बेकार बताकर अपने जंगी जहाज बेचे जा सकें। एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। इशारा साफ था कि फ्रांस का राफेल चीन के जे-35 के सामने धराशायी हो गया। राफेल विमान फ्रांस की दसॉ एविएशन द्वारा बनाया गया दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है। ये एक मिनट में 60,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। इसकी रेंज 3700 किलोमीटर है। साथ ही यह 2200 से 2500 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसमें मॉडर्न 'मिटिअर' मिसाइल और इजराइली सिस्टम भी है। जो दुश्मन की किसी भी हरकत का जवाब देने में सक्षम है, लेकिन चीन ने नकली वीडियो से इसे बेकार सबित करने का प्रयास किया। असल में चीन हर वो संभव प्रयास करता है, जिससे उसे आर्थिक रूप से लाभ हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के बाद चीन-भारत के संबंधों में कुछ हद तक सुधार हुआ है। अब भी अहम सवाल यही है कि क्या चीन का भारत के प्रति वाकई कोई हृदय परिवर्तन हुआ है और अगर ऐसा हुआ है तो इसका कारण क्या है। बीते 12 वर्षों से चीन पर राज करते हुए तानाशाह राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मंशा पर ध्यान दें तो यह असंभव है कि उन्होंने एशिया और विश्व में चीन के वर्चस्व और विस्तारवाद का सपना रातोंरात त्याग दिया हो। चीन कभी भी अपनी विस्तारवादी मंशा को त्यागने को तैयार नहीं दिखता और पड़ोसी देशों के साथ विवादों में अपनी शक्ति एवं श्रेष्ठता के बलबूते हावी होने को कोशिश करता रहता है। भारत के अलावा एक दर्जन से अधिक देशों के साथ चीन के अनसुलझे क्षेत्रीय विवाद हैं और इन सभी के प्रति चीन ने दबंग व्यवहार अपनाकर धौंस दिखाता रहता है। शी जैसे कट्टर नेता का महाशक्ति बनने का महत्वाकांक्षी स्वप्न को भुला देना नामुमकिन सा है। चीन सपना केवल महाशक्ति बनाना ही नहीं, बल्कि अमेरिका को पछाड़कर विश्व का सबसे बड़ा दादा बनने की है। इसके बाद वो पूरी दुनिया को अपने हिसाब से चला सके। भारत एशिया में ही इसका सबसे बड़ा रोड़ा है। ऐसे में वो कब और कितना नुकसान कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए जरूरी है कि हम चीन को लेकर हमेशा सतर्क और सजग रहें और अपनी अर्थव्यवस्था को सेवा के साथ निर्माण क्षेत्र में भी गति दें तभी चीन से मुकाबला कर पाएंगे।



आतंकवाद
योगेश कुमार सोनी

आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है। सरकार को इसे समझते हुए बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले।

# शिक्षित वर्ग को शिकार बना रहे आतंकी

देश में आजादी से लेकर आज तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि आतंकवाद पर शिकंजा कसने का सभी सरकारों ने अथक प्रयास किया है। हमारे देश में वर्ष 1980 से लेकर आज तक लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं जिसमें हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं। आतंकवादियों के सभी हमलों ने यह तो दर्शा दिया कि उनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि वह अपने मंसूबों में हमेशा कामयाब हो जाते हैं। दरअसल, आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। उनके गुर्गों की ट्रेनिंग इतनी खतरनाक तरह से होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी आतंकी घटना को अंजाम दे देते हैं। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर हर रोज सैकड़ों युवाओं को दलदल में डालने का काम करते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनका जिस तरह माइंड वॉश किया जाता है वह बेहद आश्चर्यचकित करता है।

दिनों दिल्ली में हुए हमले को अंजाम देने वाले डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे पेशे का इस्तेमाल किया और यह एक लंबी कतार निकली। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में शामिल आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद बीते दशकभर से पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी। एक डॉक्टर होने के बावजूद किसी के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है। जबकि आप जिस देश में रह रहे हों और उसी देश के लिए इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हों। जांच में पता कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इस वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है चूंकि पूरी दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टरी की पढ़ाई सबसे मुश्किल पढ़ाइयों में से एक है और वहीं दूसरी ओर यह लोगों की जान बचाने का भी पेशा है तो बेहद सम्मानित व पूजनीय भी है लेकिन बावजूद इसके, यदि ऐसे लोगों का मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव है। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके। आतंकी हमले में हमेशा आम आदमी ही मारा जाता रहा है और हजारों-लाखों लोग इसमें अपनी बिना वजह जान गंवा चुके। भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। हालांकि, विकिपीडिया के अनुसार दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। इस खेल में आश्चर्य की बात यह भी है कि हमारे देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की खुले आम दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया। वहीं छांगुर बाबा जैसा फर्जी बाबा आतंकवाद समर्पित निकला और वह धर्मांतरण का बहुत बड़ा रॉकेट चला रहा था। हालांकि ऐसे और भी



बहुत सारे नाम हैं। इसके अलावा भी कितने ऐसे लोग व संगठन हो सकते हैं जो आतंकवादी संगठनों के लिए काम कर रहे हों। इस बात को समझने में हमें कोई शक नहीं है कि हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर आतंकवादी तकनीकी रूप से विश्व की बड़ी-बड़ी एजेंसियों से इतना अपडेट व अपग्रेड हैं कि इनके इरादों की भनक तक भी नहीं लग पाती। भारत के परिवेश में विशेषज्ञों का मानना है कि यहां लगातार जनसंख्या बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस व सभी तरह की एजेंसी बल इतना नहीं है कि वह निगरानी रख सकें। भारत जैसे देश पर तो सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह है।

हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी वाले प्रकरण से देश में एक नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से बहुत सारे सही विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है और अब यूनिवर्सिटी की मान्यता भी रद्द कर दी गई है। साथ ही अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं, उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। आतंकवादी जिस ट्रैक पर काम करते हैं वह बेहद आश्चर्य में डाल देता है। चूंकि उसके लिए जो लोग काम करते हैं वह शिक्षित वर्ग होता है और कोई भी जांच एजेंसी एकाएक ऐसे लोगों पर शक नहीं करती जिसका वह जमकर फायदा उठाते हैं। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी सही निगाह से भी नहीं देखा जा रहा जबकि हर कोई एक जैसा नहीं होता। चूंकि डॉक्टरों का धर्म, फर्ज व कर्तव्य मरीजों को इलाज देना व जान बचाना होता है लेकिन यदि उस रूप में भी जिहादी निकल जाए तो इसमें तो उसके अलावा किसी की भी गलती नहीं मानी जा सकती। अब विश्व के नेताओं व जांच एजेंसियों को सबसे पहले यह समझना होगा कि आखिर आतंकी संगठन कैसे लोगों के मस्तिष्क को नियंत्रित करके उनको काबू करते हैं व साथ यह भी समझना होगा कि इनका संपर्क साधने का तरीका क्या है। यह किस तरह के लोगों को टारगेट करते हैं। चूंकि एक कहावत है कि 'चोर नही चोर की मां को पकड़ो' तो सब पता चल जाता है। दरअसल सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया है और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।

इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। ऐसे लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए अधिक बल की जरूरत है और साथ में तकनीकी भी मजबूत होना पड़ेगा। बाकी जहां शक की गुंजाइश कम या न हो, वहां तुरंत प्रभाव के साथ सक्रियता दिखानी चाहिए। जो लोग सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चला रहे हों, उन पर सबसे पहले कार्यवाही होनी चाहिए। चूंकि वह अपने फॉलोवर्स को गलत संदेश प्रेषित करके समाज में तो जहर घोलने का काम करते ही हैं, साथ में उनकी अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका बढ़ जाती है। बाकी लोगों को यह समझना होगा कि यह देश उनका भी है इसलिए उससे गद्दारी करके हम आने वाली पीढ़ी को भी गलत संदेश दे रहे हैं। यदि आतंकवाद इतना सरल हो जाएगा तो यह मानव जीवन पर प्रहार के रूप में काम करेगा। हमने आज तक बहुत सारे परिवारों को उजड़ते देख लिया और यह ही लगता है कि आखिर उन बेगुनाहों का क्या कसूर है जो हर बार बिना वजह बेमौत मारे जाते हैं। सरकार को इस पीड़ा को समझते हुए एक बहुत बड़ी रणनीति की आवश्यकता है जिससे कि देशवासियों को धैर्य व विश्वास के साथ जिंदगी जीने को मिले, चूंकि हर कोई सबसे पहले सुरक्षा चाहता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
विवेक शुक्ला




# बिहार चुनाव : चाणक्य की जीत, महागठबंधन की हार

बिहार विधान सभा के नतीजे आने के बाद से ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में राज्य की नई सरकार के गठन के सवाल पर एनडीए के नेताओं के बीच बैठकों के दौर जारी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार 20 नवंबर को पदभार संभाल लेगी। बिहार विधान सभा के चुनाव परिणाम पर भी कुछ समय तक और बहस जारी रहने वाली है। अब मुख्य रूप से इस मुद्दे पर बहस हो रही है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने किसी का भी चुनाव जीतना अब नामुमकिन है? ज्यादातर राजनीतिक पंडितों की राय यह बन रही है कि बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी को हराना नामुमकिन नहीं भी है तो यह मुश्किल जरूर है। एक बात साफ है कि भाजपा के लिए चुनाव तैयारी कोई पार्ट टाइम गेम नहीं है, बल्कि यह जनता से जुड़े रहने और मुद्दों के आसपास पार्टी को तैयार रखने का सतत अभियान है। भाजपा की जिस चुनावी रणनीति का लोग आज लोहा मान रहे हैं, उसे विकसित करने और उसकी धार बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं गृह मंत्री अमित शाह निभाते हैं। बिहार में महागठबंधन के नेताओं जैसे राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, प्रियंका गांधी और अन्य नेता जनता को अपने साथ जोड़ने में एक सिरे से विफल रहे। राहुल गांधी तो वोट चोरी के आरोप लगाने के अलावा अब सब कुछ भूल गए। अगर उनके पास कोई ठोस सुबूत हैं तो वे कोर्ट में क्यों नहीं जाते। पहले वे ईवीएम में गड़बड़ी का रोना रोते थे। बहरहाल, बिहार में भी एनडीए की इस चुनावी जीत के सूत्रधार अमित शाह बने हैं, जिन्होंने महागठबंधन के किसी भी पैतरे को चलने नहीं दिया और राहुल- तेजस्वी की जोड़ी को करारी शिकस्त दे दी। 2010 के बाद भाजपा फिर से 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ 89 सीटें जीतने में कामयाब रही और इस बार बिहार विधान सभा में सबसे बड़ी पार्टी भी बन गई। जबकि कांग्रेस के लिए चुनाव परिणाम शर्मनाक स्तर का है और आरजेडी 2010 की स्थिति में पहुंच गई है। बीजेपी नेतृत्व को बिहार की नब्ज पर पकड़ का अंदाज था। खासकर अमित शाह ने अपनी तीन महीने के धुआंधार दौरे से यह अंदाज लगा लिया था कि जनता क्या चाहती है और उसी के अनुसार जब केंद्र और राज्य सरकार ने बिहार की जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने का काम पूरा किया, तो जनता गदगद हो उठी। अमित शाह पहले नेता थे जिन्होंने एक चुनावी रैली में ही यह ऐलान कर दिया था कि इस बार एनडीए 160 से ज़्यादा सीटें जीतेगा और बिहार में सरकार बनाएगा। फिर अंतिम चरण के मतदान से कुछ ही दिन पहले एक रैली में, शाह ने फिर घोषणा की कि 14 नवंबर को राजद और कांग्रेस परिवारों के राजनीतिक सफाए का दिन होगा। यदि अमित शाह ने चुनावी सफलता का कोई रिकार्ड बनाया है, तो इसके पीछे उनका अनथक परिश्रम है। पार्टी में रणनीति और उस पर क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह से समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण की एक बड़ी प्रक्रिया है। अमित शाह न सिर्फ इस प्रक्रिया के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी उठाते हैं, बल्कि कार्यकर्त्ताओं और निचले स्तर पर काम कर रहे भाजपा नेताओं और गठबंधन सहयोगियों में विश्वास का भाव भी पैदा करते हैं। दूसरी तरफ राहुल और तेजस्वी अकेले चने की तरह भाड़ फोड़ने में लगे थे। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका के अलावा किसी बड़े नेता की उपस्थिति महसूस ही नहीं की गई और तेजस्वी अपने घर के असंतोष को भी खत्म नहीं कर सके। अमित शाह ने स्वयं बिहार में 35 रैलियों को संबोधित किया और एक बड़े रोड शो का नेतृत्व किया। वह केवल भाषणों और रैलियों तक खुद को सीमित नहीं करते, बल्कि बूथ स्तर तक अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं। इससे पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं का एक मज़बूत जुड़ाव होता है और फिर बूथ कार्यकर्ता भी अधिकतम वोट हासिल करने के लिए भरपूर मेहनत करता है। कांग्रेस का संगठन बिहार में भी गायब है और केवल गाली गलौच की सुर्खियों तक ही सीमित है। अमित शाह को भाजपा का 'चाणक्य' कहा जाता है, और बिहार में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई। जीत के बाद शाह ने कहा कि यह जनादेश विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण पर मुहर है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को बिहार ने नकार दिया। विपक्ष के 'वोट चोरी' आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण को राष्ट्रव्यापी मूड बताया। संक्षेप में, अमित शाह की दूरदर्शी रणनीति, असंतोष प्रबंधन और माइक्रो-प्लानिंग ने एनडीए को असंभव लग रही जीत दिलाई। यह जीत भाजपा की बिहार में मजबूती और शाह के चुनावी मास्टरमाइंड की मिसाल है। बिहार 2025 ने साबित किया कि संगठन और रणनीति से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है।


## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए। निराश होकर रुकना नहीं चाहिए, लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बदले की भावना है यह

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने फांसी की सजा सुनाई है। उन पर आरोप यह भी है कि उनके राज में जब हिंसक प्रदर्शन हुआ था, तब बहुत से लोग मारे गए थे और वह उस समय वहां से भागकर हमारे देश में आ गई थी और यहां पनाह लिए हुए हैं। राजा का फर्ज होता है कि वो सुख और दुख में प्रजा के साथ खड़ा हो, खासतौर पर दुख में प्रजा के साथ खड़ा होना चाहिए। शेख हसीना बेशक अपनी जान की परवाह करते हुए हमारे देश आ गई थी, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था, वहीं रहकर अपने देश की समस्या का हल निकालना चाहिए था और विदेशों से मदद की गुहार लगानी चाहिए थी। फिर भी फांसी की सजा बदले की भावना लगती है। *– प्रदीप साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### साईं बाबा का संदेश




श्री सत्य साईं बाबा को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है। उनका संदेश समय और स्थान की सीमाओं से परे है। करुणा, सेवा और सार्वभौमिक प्रेम की उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर के लोगों का मार्गदर्शन करती हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मखाना बोर्ड



पहले मुख्यतः मखाने का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी हो रहा है इसीलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा, ताकि यहां के मखाना किसानों को लाभ मिल सके।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### एनआरसी



असम में एनआरसी अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। हालांकि, चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दिया है। इससे हमें अवैध लोगों को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एसीबी की वसूली



झारखंड में एसीबी ने शराब घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तारी का भय दिखाकर सैकड़ों करोड़ की वसूली की। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार तो किया, लेकिन तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

# सांता क्लॉज बनकर यहूदी बच्चों को दी जहरीली कैंडी



पूर्वी यूरोप के एक नव-नाजी समूह के नेता ने यहूदियों और नस्लीय रूप से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमले कराने के लिए लोगों की भर्ती करने की कोशिश का जुर्म स्वीकार कर लिया। इन साजिशों में सांता क्लॉज का भेष धारण कर बच्चों को जहरीली 'कैंडी' बांटना भी शामिल था। संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे 22 वर्षीय मिखाइल चिखिकविशविली के लिए 18 वर्ष तक की जेल की सजा की मांग करेंगे। दोषी जॉर्जिया गणराज्य का नागरिक है और उसे 'कमांडर बुचर' के नाम से जाना जाता है। चिखिकविशविली ने ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में घृणा अपराधों के लिए उकसाने और बम व राइसिन बनाने की जानकारी फैलाने के आरोपों को स्वीकार कर लिया। अभियोजकों के अनुसार, चिखिकविशविली अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी समूह 'मेनिएक मर्डर कल्ट' का नेता है। यह समूह ऐसी विचारधारा को मानता है जो नस्ली एवं धार्मिक युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से हिंसा को बढ़ावा देती है। चिखिकविशविली को जुलाई 2024 में मोल्दोवा में गिरफ्तार किया गया था और मई 2025 में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अभियोजकों के अनुसार, 2022 से वह कई बार ब्रुकलिन आया, जहां उसने एक बुजुर्ग यहूदी व्यक्ति की पिटाई करने का दावा किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 20 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने उदयपुर हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट उड़ान प्रक्रिया से संबंधित उल्लंघन के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को बीएसई को जुर्माने की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी की अन्य गतिविधियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। कंपनी ने कहा, /"जुर्माना, कंपनी द्वारा उदयपुर हवाई अड्डे के लिए तैयार की गई ''स्टैंडर्ड इंस्ट्रूमेंट डिपार्चर (एसआईडी) इंस्ट्रूमेंट उड़ान प्रक्रिया (आईएफपी)'' को लागू करने से संबंधित है।/"

### अदाणी ने एडब्ल्यूएल एग्री में 13% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने बाजार से इतर लेनदेन के जरिये एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अदाणी विल्मर लिमिटेड) में अपनी 13 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी विल्मर इंटरनेशनल की एक अनुषंगी कंपनी को बेच दी है। एलएलपी ने एडब्ल्यूएल में 16.9 करोड़ (13 प्रतिशत) शेयर विल्मर इंटरनेशनल की एक अनुषंगी कंपनी लेंस प्राइवेट लिमिटेड को बेचे। यह बिक्री इस साल की शुरुआत में घोषित व्यापक हिस्सेदारी विनिवेश योजना का हिस्सा है। इसके तहत विल्मर 275 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के शेयर खरीदने पर सहमत हुई थी। अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी और एसीएल की मूल कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और एडब्ल्यूएल ने बिक्री मूल्य का खुलासा नहीं किया है।

### इन्फोसिस की 18,000 करोड़ की शेयर पुनर्खरीद आज से




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इन्फोसिस का अब तक का सबसे बड़ा 18,000 करोड़ रुपये का शेयर पुनर्खरीद कार्यक्रम गुरुवार से अभिदान के लिए खुलेगा और 26 नवंबर को बंद होगा। सूचना में कहा कि कंपनी का लक्ष्य पांच रुपये अंकित मूल्य के 10 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों को 1,800 रुपये प्रति शेयर के भाव से वापस खरीदना है। यह कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 2.41 प्रतिशत है। पात्र शेयरधारक निविदा अवधि, यानी 20 नवंबर, 2025 से 26 नवंबर, 2025 तक, अपने इक्विटी शेयर प्रस्तुत कर सकते हैं। इन्फोसिस ने कहा, ''कंपनी की यह पुनर्खरीद मध्यम अवधि में रणनीतिक और परिचालन नकदी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और अपनी पूंजी आवंटन नीति के अनुरूप शेयरधारकों को प्रभावी और कुशल तरीके से अधिशेष धनराशि वापस करने के लिए की जा रही है।"

# जापान के बांड बाजार में बढ़ रहा संकट, इंडिया पर भी पड़ सकता है असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कीमत स्थिर रखने बैंक ऑफ जापान को बांड खरीदारी करनी पड़ी

जापान के बांड मार्केट में पिछले कई सालों का सबसे बड़ा उथल-पुथल दिख रहा है। लंबी अवधि के बांडस की यील्ड कई दशकों की उंचाई पर पहुंच गई है। कीमतों में सबसे ज्यादा गिरावट 20-40 साल के बांड सेगमेंट में दिखी है। आम तौर पर इस सेगमेंट में कीमतों में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलता है। ज्यादा उतार-चढ़ाव को देखते हुए बैंक ऑफ जापान को हस्तक्षेप करने को मजबूर होना पड़ा है। कीमतों में स्थिरता के लिए बैंक ऑफ जापान को बांड की खरीदारी करनी पड़ी है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी काफी ज्यादा नरम मॉनेटरी पॉलिसी को बदलने की शुरुआत की थी। लेकिन, इससे बांड्स में बिकवाली शुरू हो गई। अब नजरें बैंक ऑफ जापान पर टिक गई हैं। सवाल है कि हालात से निपटने के लिए जापान का केंद्रीय बैंक क्या कदम उठाएगा? क्या जापान की वित्तीय स्थिति मार्केट्स के लिए खतरा बन रहा है? इनवेस्टर्स को ज्यादा संख्या में नए बांड्स इश्यू होने की उम्मीद है।

## जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड

### भारत के यील्ड पर पड़ सकता है असर

*जापान के घटनाक्रम के असर से इंडिया भी अछूता नहीं रहेगा। हालांकि, भारत में सरकारी बांड्स में विदेशी निवेश बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन दुनिया के बड़े बांड सूचकांकों में इंडियन बांड्स के शामिल होने से स्थिति बदलती दिख रही है। जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड में उछाल से ग्लोबल रिस्क-फ्री बेंचमार्क ऊपर जा सकता है। इससे इंडिया में भी बांड्स यील्ड में उछाल को लेकर उम्मीद बढ़ जाएगी। ग्लोबल बांड्स यील्ड बढ़ने से लंबी अवधि के कर्ज की कॉस्ट बढ़ जाती है।*




*'सेल जापान' ट्रेड पर बढ़ रहा जोर : जापान पर कर्ज का बोझ दुनिया में सबसे हाई लेवल पर पहुंच गया है। ऐसे में मार्केट सबसे लंबी अवधि वाले बांड्स पर ज्यादा इंटरेस्ट रेट चाहता है। इससे 'सेल जापान' ट्रेड पर जोर बढ़ता दिख रहा है। इनवेस्टर्स जापान के सरकारी बांड्स को शॉर्ट कर रहे हैं। वे कमजोर येन पर दांव लगा रहे हैं। कुछ चुनिंदा शेयरों में निवेश भी घटा रहे हैं।*

### क्राइसिस का व्यापक असर पड़ सकता है

जापान के संस्थागत निवेशकों के पास काफी ज्यादा विदेशी बांड्स, शेयर और अल्टरनेटिव एसेट्स हैं। जब जापान के सरकारी बांड्स की यील्ड काफी ज्यादा बढ़ जाती है तो विदेशी निवेशकों के बीच इसके अट्रैक्शन पर असर पड़ता है। लेकिन, जापान के इनवेस्टर्स अपना पैसा वापस जापान ला रहे हैं, क्योंकि जापान के बांड्स पर उन्हें ज्यादा यील्ड मिल रही है। इसका असर कई तरह से पड़ सकता है। जापान के फंड्स अमेरिकी सरकार के बांड्स (यूएस ट्रेजरी), यूरोपीय सॉवरेन बांड्स और इमर्जिंग मार्केट डेट में निवेश घटा सकते हैं। इससे ग्लोबल बांड्स यील्ड में उछाल दिख सकता है।

### लिक्विडिटी पर पड़ सकता है असर

इससे जापान के इनवेस्टर्स विदेश में अपनी होल्डिंग्स में बदलाव कर सकते हैं। इससे डॉलर, यूरो और कई एशियाई करेंसी में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। जापान के एसेट्स में इनवेस्टर्स की दिलचस्पी बढ़ने से ग्लोबल रिस्क मार्केट में लिक्विडिटी पर असर पड़ सकता है।

## सेबी चेयरमैन पांडेय ने कहा, प्रक्रिया डिजिटल बनाने पर काम

# सेबी विदेशी निवेशकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा

- उद्देश्य, पंजीकरण की समयसीमा महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना
- आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए
- सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहा है। पांडेय ने कहा कि इसका उद्देश्य पंजीकरण की समयसीमा को महीनों से घटाकर कुछ दिनों में लाना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि आंकड़ों की गोपनीयता संबंधी चिंता का उचित समाधान किया जाए।

चेयरमैन ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए, सेबी एफपीआई पंजीकरण के लिए एक दूसरा मंच भी तैयार कर रहा है। इसे वर्तमान में सीडीएसएल विकसित कर रहा है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब घरेलू निवेशकों की भागीदारी बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### भारत ने 1992 में विदेशी निवेशकों के लिए दरवाजे खोले

*पांडेय ने गोल्डमैन शैक्स के 14वें भारत सीआईओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी निवेशक भारत के पूंजी बाजारों के केंद्र में बने हुए हैं। 1992 में जब से भारत ने एफपीआई के लिए अपने दरवाजे खोले हैं, पोर्टफोलियो प्रवाह ने 9.3 प्रतिशत का विस्तारित आंतरिक रिटर्न (एक्सआईआरआर) दिया है। एक्सआईआरआर किसी निवेश पर वार्षिक रिटर्न दर को बताता है।*

### सूचीबद्ध कंपनियों में 17 फीसदी की हिस्सेदारी

एफपीआई सितंबर, 2025 तक 876 अरब डॉलर मूल्य की संपत्ति का प्रबंधन कर रहे थे। उनकी सूचीबद्ध कंपनियों में लगभग 17 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पांडेय ने कहा कि इसके साथ सेबी बाजार पहुंच को और भी सुगम बनाने के तरीकों पर विचार कर रहा है। प्रस्तावित ढांचे के तहत, स्वागत-एफआई (भरोसेमंद विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित और सामान्यीकृत पहुंच) को जल्द ही बिना किसी अतिरिक्त अनुमोदन के फेमा के तहत निर्धारित अन्य मार्गों से निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है।



*एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया : इसके अतिरिक्त, आईपीओ में एंकर निवेशक ढांचे को संशोधित किया गया है ताकि कई फंड संचालित करने वाले बड़े एफपीआई की भागीदारी आसान हो सके। साथ ही एंकर पूल का विस्तार करके जीवन बीमा और पेंशन कोष जैसे दीर्घकालिक निवेशकों को भी इसमें शामिल किया जा सके।*

*बाजार में तरलता बढ़ाने ब्लॉक विंडो : सेबी ने इंडिया मार्केट एक्सेस पोर्टल जैसे उपकरणों के साथ परिवेश को भी मजबूत किया है, जो सभी नियामक और प्रक्रियात्मक सूचनाओं को एक ही स्थान पर एकत्रित करता है। साथ ही बाजार में तरलता बढ़ाने के लिए 'ब्लॉक विंडो' ढांचे की व्यापक समीक्षा भी की है।*

### वैश्विक निवेशकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिलेगा


पांडेय के अनुसार, सेबी के सुधारों का अगला चरण वैश्विक निवेशकों के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हाल के महीनों में, नियामक ने एफपीआई के बारे में मिले सुझावों पर लगातार काम किया है। पंजीकरण मॉड्यूल को तीव्र और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए इसमें सुधार किया गया है।

### एक दिन के कारोबार में शुद्ध निपटान की अनुमति पर विचार

सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक इस बात पर भी विचार कर रहा है कि क्या एफपीआई के लिए एक दिन में किए गए सभी कारोबार के लिए शुद्ध रूप से निपटान की अनुमति दी जा सकती है। यह एक परिचालन बदलाव है जिससे लागत कम हो सकती है, क्योंकि एफपीआई को वर्तमान में प्रत्येक कारोबार के लिए डिलिवरी देनी और लेनी होती है। उन्होंने कहा कि सेबी इन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई और वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंचा
- भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधी
- आईटी शेयरों में खरीदारी निकलने से बाजार में आई तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक की बढ़त के साथ 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक एक समय 563.75 अंक तक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी 142.60 अंक चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाले शेयर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला।


### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, चीन का एसएसई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे।

# सोने में 1,500 रुपए की तेजी चांदी 4,000 रुपए मजबूत

- सोना बढ़कर 1,27,300 रुपए पर
- चांदी उछलकर 1,60,000 रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुँच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोने ने लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी और 46.32 डॉलर बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा।

## सर्वोटेक को सूर्य घर के तहत परियोजना मिली



**नई दिल्ली।** सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम ने बुधवार को कहा कि उसे प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत लगभग 74 करोड़ रुपये की रूफटॉप (छत पर लगाई जाने वाली) सौर परियोजना प्राप्त हुई है। सर्वोटेक ने बयान में कहा कि यह परियोजना आंध्र प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एनआरईडीसीएपी) द्वारा प्रदान की गई है। कंपनी ने कहा, ''इसके तहत सर्वोटेक रिन्यूएबल 5,886 अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के परिवारों के लिए विभिन्न क्षमताओं के रूफटॉप सौर संयंत्रों का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और उन्हें चालू करने का कार्य करेगी।'यह परियोजना एक उपयोगिता-आधारित एकत्रीकरण मॉडल के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी और इसमें पांच साल का व्यापक संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) शामिल है।

# स्पाइसजेट ने कार्लाइल को शेयर आवंटन किया पूरा

- इस कदम से कंपनी ने अपनी देनदारियों कम की
- कार्लाइल विमान को पट्टे पर देने के साथ वित्तपोषण प्रदान करती है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने वैश्विक कंपनी कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स को शेयर आवंटन पूरा करने की बुधवार को जानकारी दी। कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स (सीएपी), विमान को पट्टे पर देने के साथ ही वित्तपोषण प्रदान करती है। इस कदम से उसे अपने बही-खाते से 442.25 करोड़ रुपये की देनदारियों को कम करने में मदद मिली है। साथ ही उसने दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता भी हासिल की है। कंपनी ने 11 सितंबर को 12.118 करोड़ अमेरिकी डॉलर के अपने कुछ बकाया पट्टे के पुनर्गठन के लिए कंपनी के साथ समझौता करने की घोषणा की थी। साथ ही कहा था कि इससे कंपनी को 8.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नकदी हासिल करने और उसके पुनर्गठन प्रयासों को तेज करने में मदद मिलेगी। एयरलाइन कंपनी ने कहा कि सीएपी के साथ निपटान समझौते में एक ऐसी व्यवस्था भी प्रदान की गई है जिसके तहत यदि पट्टादाताओं को जारी किए गए शेयर की बिक्री से पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की आय प्राप्त होती है, तो इस अतिरिक्त राशि का एक हिस्सा भविष्य के पट्टा दायित्वों की भरपाई में लगाया जाएगा। स्पाइसजेट ने कहा, ''निदेशक मंडल की आवंटन समिति ने 18 नवंबर को हुई बैठक में गैर-प्रवर्तक श्रेणी के तहत तरजीही आधार पर 42.32 रुपये प्रति शेयर (32.32 रुपये के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 10,41,72,634 शेयर जारी करने को मंजूरी दी।'' इसके अतिरिक्त इस समझौते के तहत स्पाइसजेट को भविष्य में विमान एवं इंजन के रखरखाव के लिए 7.96 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नकद रखरखाव निधि प्राप्त होगी। साथ ही पट्टा दायित्वों की पूर्ति के लिए 99 लाख अमेरिकी डॉलर की नकद रखरखाव 'क्रेडिट' भी मिलेगा।

### परिचालन का विस्तार जारी रहेगा




स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, '' यह हमारे मौजूदा पुनर्गठन प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही एक मजबूत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ स्पाइसजेट के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देनदारियां कम होने के साथ पर्याप्त रखरखाव भंडार एवं ऋणों तक पहुंच, हमें सार्थक समर्थन प्रदान करती है क्योंकि हम अपने बेड़े को पुनर्जीवित करना एवं परिचालन का विस्तार करना जारी रखे हुए हैं।''

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

अनुलग्नक-अ

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या: 12-SPART-CAMC-Power-Pack, दिनांक: 14.11.2025**
**कार्य का नाम:** एचएस-स्पार्ट (पावर पैक)/बिलासपुर का तीन वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
**निविदा मूल्य:** 01,85,91,522.50/- (रुपये एक करोड़ पचासी लाख इक्यानवे हजार पाँच सौ बाईस और पचास पैसे मात्र) (सभी व्यय और जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** 02,43,000/- (रुपये दो लाख तैंतालीस हजार मात्र)। **निविदा खुलने का समय:** 08.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे।
इसके अलावा, सभी विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। ई-टेंडर के अलावा, निविदा जमा करने का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(फ्रेट)**
सीपीआर/10/AM/465 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अर्थिंग सुरक्षा में सुधार/उन्नयन कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र. सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्या: 71A-एसटी-टेंडर-2025. दिनांक: 15.11.2025. कार्य का नाम : बिलासपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर अर्थिंग सुरक्षा में सुधार/उन्नयन के माध्यम से विश्वसनीयता में सुधार ।
निविदा मूल्य : ₹ 4,62,36,109.80/-(चार करोड़ बासठ लाख छत्तीस हजार एक सौ नौ रुपये अस्सी पैसे मात्र)। अमानत राशिः ₹ 3,81,200/- (तीन लाख इक्यासी हजार दो सौ रुपये मात्र)। निविदा का जमा होना : दिनांक: 08.12.2025 के 15.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
**वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर. इंजी. (CIC)**
सीपीआर/10/467 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# रिलायंस पावर को प्रबंधन बोर्ड गठन की मंजूरी मिली




**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने बुधवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने एक प्रबंधन बोर्ड के गठन को मंजूरी दी है। इस कवायद का मकसद सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन को बढ़ावा देने वाली शासन पद्धतियों को अपनाना है। बीओएम में कंपनी के सीईओ, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी और वरिष्ठ व्यावसायिक नेतृत्व शामिल हैं। कंपनी ने कहा, ''बीओएम का गठन मजबूत शासन, बेहतर निगरानी तंत्र और एक अधिक चुस्त तथा भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की दिशा में एक कदम है।'' रिलायंस पावर ने कहा कि यह पहल कंपनी की सर्वश्रेष्ठ शासन पद्धतियों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

PANTHERA ELECTRIC MOBILITY PVT. LTD.
PANTHERA
NEW ERA EV
NEW ERA EV के साथ BUSINESS बढ़ाए
आज ही बनें डीलर
छत्तीगढ़ प्रदेश में ईलेक्ट्रीक स्कूटर के लिए जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर डीलर एवं सब-डीलर नियुक्त करने है, संबंधित संस्था एवं व्यक्ति आज ही संपर्क करें।
Investment :- Dealer:-12 to15Lakh, Sub-Dealer:-5 to 8Lakh
आज ही कॉल करें - 9039772000
लिथीयम आयरन बैटरी में
3 साल की बैटरी वारंटी के साथ
एक चार्जिंग में 60 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744

(Oil For Scabies)
खुजली का तेल
ओरिकेम खुजली का तेल
खुजली, चकत्ते और अन्य त्वचा सम्बंधित समस्याओं के लिए लाभकारी है। यह त्वचा की सूखी व गीली दोनों तरह की खुजली में उपयोगी है।
12D/75/4127/09/25/271

ग्रीन ऑइंटमेंट
नीम के गुणों से भरपूर
ओरिकेम ग्रीन ऑइन्टमेंट कील-मुहांसें, फोड़े- फुंसी, घाव, कटने, खुजली और जिद्दी त्वचा आदि रोगों के लिए विशिष्ट दवा है.
12D/75/4127/09/25/268

केशरी बालामृत
बच्चों की ताकत बढ़ाने मे सहयोगी
दांत-दाढ़ निकलना, सर्दी, खांसी, हरे-पीले दस्त, दूध पटकना, अपचन आदि में उपयोगी।
12D/75/4127/09/25/270

नारी रसायन टेबलेट
अनियमित मासिकधर्म, मेनोपोज, थकान, पीठ दर्द, तनाव, बैचेनी मिटाकर भूख बढ़ाने में सहायक
स्त्री रोगों को मिटाकर नवजीवन देने मे सहायक
12D/75/4127/09/25/269

From the house of
जालिमलोशन®
प्रत्येक शहर में डीलर एवं दुकान-दुकान रेडी स्टाक बेचने हेतु सेल्समेन चाहिये।
E-mail zalimlotion1929@gmail.com, Whatsapp No.: 9329791558
ओरिएंटल केमिकल वर्क्स, प्राणसुधा भवन, रेल्वे स्टेशन के सामने, राऊ, इन्दौर (म.प्र.) - 453331, Web.: www.zalimlotion.in





**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब सर्दी के मौसम में बढ़ जाए जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 58 वर्ष है। सर्दियों में मेरे जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं ताकि इस मुश्किल का सामना न करना पड़े।**

**-कौशल किशोर, रोहतक**

सर्दी के मौसम में जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खासकर अधिक उम्र के लोगों को यह दिक्कत ज्यादा होती है। इससे बचने का तरीका यही है कि सर्दी में एक्सपोजर कम से कम करें। अगर निकलना ही पड़े तो पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर निकलें। साथ ही खान-पान का विशेष ध्यान रखें और ठंडी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से परहेज करें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। सर्दी में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। मुझे इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, बिलासपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या गर्म पानी से नहाने की वजह से ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आप अधिक गर्म पानी से ना नहाएं। पानी को नॉर्मल कर लें। साथ ही नियमित रूप से बालों को धुलें, ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो जरूर आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर जब मैं सुबह सोकर उठता हूं तो गले के पिछले पार्ट में अकड़न लगती है। कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है?**

**-राजीव, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत है लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। ऐसे में आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वह एक्स-रे कराकर इसका कारण पता लगाएंगे और ट्रीटमेंट होगा। फिलहाल आप सर्दी से बचें और रात में सोते समय गले के उस पार्ट को प्रॉपर ढंक कर रखें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे डाइजेशन की प्रॉब्लम है। भूख नहीं लगती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।**

**-सुबीर, राजनांदगांव**

उम्र बढ़ने के साथ डाइजेशन सिस्टम स्लो हो जाता है। इसलिए आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करना चाहिए। रात का डिनर बिल्कुल ही हल्का होना चाहिए। सोने से तीन घंटे पहले डिनर हो जाना चाहिए। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों के अंतराल पर मेरे सिर के अगले, पिछले या बीच के हिस्से में रह-रहकर दर्द होता रहता है। कई बार यह बहुत असहनीय हो जाता है, कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, भोपाल**

सिर में दर्द कई कारणों से होता है। कई बार गैस की वजह से काफी तेज दर्द होता है तो कई बार इसकी वजह माइग्रेन भी होता है। दर्द कब हो रहा है, कैसे हो रहा है, इस बारे में आपको डिटेल्स बतानी पड़ेगी। बेहतर होगा कि आप एक बार न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। वह पूरी हिस्ट्री समझकर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, दुर्ग**

आपने यह नहीं बताया कि यह दर्द कितने समय से हो रहा है? कई बार इसकी वजह संक्रमण हो सकता है तो कई बार अन्य कारणों से भी हो सकता है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। आप बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई भी मेडिसिन ना लें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**अवेयरनेस**

अंशु सिंह

विटामिन-डी, कैल्शियम अवशोषण, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में अगर इसकी कमी का निदान नहीं हो पाता है, तो उससे डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी मानसिक समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। यहां आपको विस्तार से बता रहे हैं विटामिन-डी की महत्ता, इसके प्रमुख स्रोत, इसकी कमी के लक्षण और कमी दूर करने के उपायों के बारे में।

## फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है विटामिन-डी


आपको शायद पता नहीं होगा कि अपने देश के बड़े वर्ग के लोगों में एक चिंताजनक स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है। वह है विटामिन-डी की कमी। कुछ अध्ययनों के अनुसार प्रचुर मात्रा में धूप होने के बावजूद 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी है।

अकसर कई लोगों की उदासी, गुस्सा, चिड़चिड़ाहट की वजह किसी ना किसी प्रकार की चिंता या भय होता है। यही भय उन्हें अवसाद की दहलीज पर भी ले जाता है। रातों की नींद और चैन उड़ जाते हैं। कारण तलाशने पर कुछ भी हाथ नहीं लगता। मुमकिन है कि कुछ ऐसा हो रहा हो, जो बेवजह की उदासी और भय पैदा कर रहा हो। आपको लग रहा हो कि आप डिप्रेशन के शिकार हैं। कुछ लोग तो एंटी डिप्रेशन मेडिसिन लेना शुरू कर देते हैं, जबकि असली वजह शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

डॉक्टर्स बताते हैं कि विटामिन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं। अब चाहे वो विटामिन-ए हो, विटामिन-बी, सी या विटामिन-डी। विटामिन-डी की कमी गंभीर मानसिक तनाव दे सकती है और हमें इसका पता भी नहीं चल पाता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

हाल के वर्षों में विभिन्न अध्ययनों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य में विटामिन-डी की भूमिका का समर्थन करने वाले प्रमाण पाए गए हैं। विटामिन-डी की कमी, खासकर अवसाद और चिंता के लक्षणों को बढ़ा सकती है। कई शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शरीर में विटामिन-डी की कमी से न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, भूलने की बीमारी, दुविधा, थकान, मनोदशा में बदलाव, भूख न लगना, दर्द के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि, एकाग्रता की कमी, डर का



बढ़ना, अत्यधिक निराशा या उदासी की भावना, वजन कम होना या बढ़ना, चिंता आदि समस्याएं भी हो सकती हैं। कई अन्य अध्ययनों में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों के साथ-साथ संज्ञानात्मक हानि वाले स्वस्थ वयस्कों में विटामिन-डी के स्तर में कमी की बात सामने आई है, जो विटामिन-डी और संज्ञानात्मक कार्य के बीच संबंध का संकेत देती है।

### भारत में चिंताजनक है स्थिति

मेडिकल जर्नल नेचर में प्रकाशित एक शोध के अनुसार अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया जैसे देशों की लगभग 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी विटामिन-डी की कमी से ग्रसित है। अमेरिका, कनाडा और यूरोप के लोग भी विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हैं। इन देशों में यह आंकड़ा क्रमशः 5.9 फीसदी, 7.4 फीसदी और 13 फीसदी के आस-पास है। एक अध्ययन के मुताबिक, भारत की करीब 70



फीसदी शहरी आबादी विटामिन-डी की कमी से जूझ रही है। जबकि देश में प्रचुर मात्रा में सूर्य की रोशनी उपलब्ध है। इसके बावजूद, लगभग 10 में से 9 व्यक्तियों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी पाई जाती है।

### विटामिन डी की कमी के कारण

लोगों में विटामिन डी की कमी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। जैसे, शहरीकरण एवं प्रदूषण की वजह से लोगों का ज्यादा समय घर के अंदर रहना, धूप में कम समय बिताना आदि। सूर्य के प्रकाश के संपर्क में न आने की वजह से इसकी कमी, शरीर की विटामिन-डी के संश्लेषण की क्षमता को काफी कम कर देती है। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर एक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो विटामिन-डी के संश्लेषण के लिए आवश्यक पराबैंगनी-बी (यूवीबी) किरणों को अवरुद्ध करता है। दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे घनी आबादी वाले शहरों में विशेष रूप से यह समस्या गंभीर है। इसके अलावा, भारतीय आहार, खासकर शाकाहारी आहार में प्रायः विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है, जो वसायुक्त मछली, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों में पाया जाता है।

### क्यों जरूरी है विटामिन-डी

दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट **डॉ. धीरज कपूर** का कहना है कि 'सनशाइन विटामिन' के रूप में जाने जाने वाला विटामिन-डी, वसा में घुलनशील विटामिन होता है, जो मुख्य रूप से सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर त्वचा में संश्लेषित होता है। यह कई शारीरिक कार्यों को पूरा करने जैसे दांतों, मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाने के अलावा मानसिक सेहत से लेकर हृदयाघात, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमें बचाने में सक्षम है। यह कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को सुगम बनाता है। इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस, संक्रमणों के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि और मांसपेशियों की कमजोरी सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, ये मनोदशा के नियमन को प्रभावित करती है। इसकी कमी अवसाद और चिंता से जुड़ी हो सकती है।

### कैसे काम करता है

हमारे शरीर की मांसपेशियों, हृदय, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली में विटामिन-डी रिसेप्टर्स होते हैं। शरीर इस विटामिन को गुर्दे और यकृत तक पहुंचाता है, जहां यह एक सक्रिय हार्मोन में परिवर्तित हो जाता है। इस रूप में यह शरीर को कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है। आपका शरीर सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से विटामिन-डी प्राप्त करता है। कुछ खाद्य पदार्थ और सप्लीमेंट्स भी विटामिन-डी के स्रोत हो सकते हैं। सांवले रंग के लोगों के शरीर में मेलेनिन का स्तर अधिक होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है, जो मनुष्यों और पशुओं में आंखों, त्वचा और बालों को काला कर देता है। यह रंजकता त्वचा को विटामिन-डी को ठीक से अवशोषित करने से रोकती है।

### ऐसे दूर करें विटामिन-डी की कमी

आमतौर पर लोगों का औसतन 90 फीसदी समय घर या दफ्तर के अंदर बीतता है। घर के अंदर बिताए गए समय में वृद्धि के अलावा, ऐसे कपड़े पहनना, जो



त्वचा की अधिकांश सतह को कवर करते हैं या फिर सनस्क्रीन का उपयोग, विटामिन-डी की कमी में योगदान करते हैं। हां, बिना सनस्क्रीन के ज्यादा देर तक धूप में रहने से सावधान रहें, क्योंकि ओजोन परत के पतले होने से सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें आसानी से धरती पर पहुंचती हैं और त्वचा कैंसर के खतरे को बढ़ाती हैं। इसलिए विटामिन-डी की कमी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अपने आहार में मछली, मांस, अंडे की जर्दी, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पाद और मशरूम को शामिल करें। साथ ही पर्याप्त धूप लें, जो विटामिन-डी का सबसे प्रमुख स्रोत है। *

### लीवर की समस्या से भी हो सकती है कमी



वैद्य डॉ. अमृता शर्मा

**आज की** जीवनशैली में जहां सूर्य का प्रकाश हानिकारक माना जा रहा है। लोग अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिए शरीर को ढंकते हैं। फैशन उद्योग द्वारा सनस्क्रीन लोशन का प्रचार, वातानुकूलित कमरों में रहना, त्वचा से चिपके कपड़े, उचित आहार और दिनचर्या का अभाव विटामिन-डी की कमी के कारण हैं। कभी-कभी सूर्य के प्रकाश के पर्याप्त संपर्क में आने के बाद भी विटामिन-डी की कमी देखी जाती है। यह लीवर की समस्या के कारण हो सकता है, क्योंकि लीवर विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए सूर्य के प्रकाश का उपयोग करता है। अगर लीवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो यह विटामिन-डी की कमी का कारण बनता है। विटामिन-डी एक वसा में घुलनशील विटामिन है, इसलिए इस विटामिन के कैप्सूल लेने के बाद भी यदि लीवर ठीक से काम नहीं करता है, तो शरीर के लिए इस विटामिन का उपयोग करना मुश्किल होगा और लाभ के बजाय यह विटामिन कैप्सूल शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए व्यक्ति को सुबह की धूप में सैर करना चाहिए, ढीले कपड़े पहनकर व्यायाम करना चाहिए।

---

**मेडिटेक्नीक**

## आईवीएफ की सक्सेस रेट बढ़ा सकता है एआई

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आईवीएफ मेडिकल प्रोसीजर में भी किया जा रहा है। एआई, एंब्रयो के पैटर्न को देखकर यह बता सकता है कि उसको किस क्रम में ट्रांसफर करना चाहिए या कौन-सा भ्रूण सबसे बेहतर रहेगा? इस बारे में डिटेल में बता रही हैं, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर, गुरुग्राम की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. रश्मि अग्रवाल।**

आईवीएफ ने दुनिया भर में लाखों दंपतियों को माता-पिता बनने का सपना पूरा करने में मदद की है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इस क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। एआई डेटा, तस्वीरें और विशेष कंप्यूटर एल्गोरिदम की मदद से ऐसे पैटर्न पहचानता है, जिन्हें आमतौर पर इंसान नहीं देख पाता। इससे डॉक्टरों को इलाज के दौरान ज्यादा सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। एआई के आने से आईवीएफ प्रक्रिया पहले से अधिक प्रभावी, सटीक और मरीज के लिए आसान बन गई है।



- एआई, भ्रूण की तस्वीरें देखकर यह पता लगा सकता है कि कौन-से भ्रूण के सफलतापूर्वक गर्भाशय में लगने की संभावना ज्यादा है। यह एल्गोरिदम बहुत बड़े डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, जिससे भ्रूण के विकास में आने वाले छोटे-छोटे बदलाव भी पकड़ में आते हैं। इससे स्वस्थ भ्रूण चुनने की प्रक्रिया सटीक होती है।
- एआई की मदद से फर्टिलिटी विशेषज्ञ हर मरीज के लिए डेटा-आधारित और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट डिसाइड कर सकते हैं। एआई हार्मोन के स्तर और दवाओं पर शरीर की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करके सही दवा की मात्रा और ओवेरियन स्टिम्युलेशन का समय तय करता है। इससे अंडाणु की गुणवत्ता बढ़ती है और इलाज से अच्छे परिणाम मिलते हैं।



- एआई तकनीक से बने इमेजिंग टूल्स ऐसे शुक्राणु चुन सकते हैं, जिनकी गति और आकार सबसे अच्छा हो। इससे बेहतर भ्रूण बनते हैं और गर्भधारण की संभावना भी बढ़ती है।
- एआई सिस्टम, भ्रूण के विकास को रीयल-टाइम यानी लगातार मॉनिटर करते हैं और किसी भी असामान्यता को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे डॉक्टर भ्रूण ट्रांसफर से पहले समय रहते सुधार कर सकते हैं, जिससे गर्भ ठहरने की संभावना बढ़ जाती है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

**योगोपचार**


दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। इस दौरान स्वस्थ और फिट रहने के लिए आपको कुछ आसनों को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं, तीन ऐसे ही कारगर आसन।


## रोज करिए ये तीन योगासन इस मौसम में रहेंगे स्वस्थ

सर्दी के मौसम में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। सर्दियां शुरू होते ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अगर आप कुछ सरल योगासनों को अपने रूटीन में शामिल कर लें तो कई परेशानियों से बचे रहेंगे। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं। तो आइए जानें ये कारगर तीन सरल योगासन कौन से हैं?

**त्रिकोणासनः** त्रिकोणासन सर्दी के मौसम में हमें स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण आसन है। यह खड़े होकर किया जाने वाला आसन है, जिससे हमारा शरीर पर्याप्त खिंचाव हासिल करता है। सर्दी के दिनों में पर्याप्त रूप से त्रिकोणासन कर लिया जाए तो शरीर में जरूरी लचीलापन बना रहता है। इसके चलते हमारी पाचनक्रिया सही रहती है और ठंड से सिकुड़ी मांसपेशियों को राहत मिलती है।



त्रिकोणासन



उष्ट्रासन

**उष्ट्रासनः** उष्ट्रासन या कैमल पोज भी उन कुछ गिने-चुने आसनों में से एक है, जो सर्दियों में हमें तमाम तरह की परेशानियों से बचाकर रखता है। यह आसन सर्दियों में होने वाली सीने की जकड़न को खोलता है, जिससे ठंडी हवा का प्रभाव खत्म होता है। उष्ट्रासन करने से हमारे फेफड़े और हृदय को लाभ होता है। शरीर में गर्माइश बनी रहती है, पाचन बेहतर होता है और शरीर में जरूरी लचीलापन तथा कई तरह के दर्द से राहत मिलती है। उष्ट्रासन नियमित रूप से करने से सर्दियों में हमारे शरीर में ऊर्जा का सतत प्रवाह बना रहता है।



**पवनमुक्तासनः** पवनमुक्तासन का मूल काम सर्दियों में हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखना है, जिससे हमारा शरीर सर्दियों में गैस और अपच की परेशानियों से दूर रहता है। इससे पेट की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। शरीर में हल्कापन महसूस होता है और ऊर्जा का लगातार प्रवाह बना रहता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त रहती है।

इस तरह इस मौसम में किए जाने वाले ये सीधे सरल तीन आसन हमें बहुत राहत देते हैं। इन आसनों का अभ्यास करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इनकी सही विधि जरूर सीख लें। *



19- NOV- K&C- MAIN- Pg- 9 SODKU-R-DHANI_Layout 1 11/20/2025 12:03 AM Page 1



# गोपनीयता संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकार है पत्नी का कॉल डिटेल मांगना निजता का हनन

## पति की याचिका खारिज, पुलिस और फैमिली कोर्ट से आवेदन खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि गोपनीयता संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकार है, जो मुख्य रूप से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी से देता है। इस टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने विवाद होने पर पति के पत्नी की मोबाइल कॉल डिटेल और सीडीआर की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी है।

दरअसल, याचिकाकर्ता दुर्ग जिले के युवक की शादी राजनांदगांव जिले के युवती से 4 जुलाई 2022 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही पति ने डिवोर्स के लिए हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1) (1) के तहत एक याचिका दायर की। इसमें आरोप लगाया गया कि पत्नी विवाह के 15 दिन बाद अपने माता-पिता के घर गई, जिसके बाद उसका व्यवहार काफी बदल गया। पत्नी ने याचिकाकर्ता की मां और भाई के साथ दुर्व्यवहार किया।



इस बीच सितंबर और अक्टूबर के महीने में पत्नी फिर से अपने माता-पिता के घर गई और जब याचिकाकर्ता ने उससे संपर्क किया, तो उसने उसके साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। पत्नी के साथ न जाने पर पति 7 अक्टूबर 2022 को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत वैवाहिक अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए फैमिली कोर्ट में केस दाखिल किया।

इस दौरान पत्नी ने धारा 125 के तहत एक आवेदन पेश किया। साथ ही पति की मां, पिता और भाई के खिलाफ घरेलू हिंसा के तहत शिकायत की। इस पर पति ने 24 जनवरी 2024 को दुर्ग के एसएसपी को आवेदन देकर पत्नी की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की डिटेल की मांग की लेकिन, पुलिस ने कॉल डिटेल देने से इनकार कर दिया। इस पर पति ने कॉल डिटेल के लिए फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया, जो खारिज कर दी गई। इसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचा।

अपनी याचिका में पति ने पत्नी की चरित्र पर लांछन लगाते हुए मोबाइल पर दूसरे से बातचीत करने के सबूत होने का दावा किया। जिसके लिए उसने कॉल डिटेल की मांग की लेकिन, फैमिली कोर्ट में दाखिल किए गए केस में पति ने तलाक के लिए लगाई गई अर्जी में उल्लेख ही नहीं किया। उन्होंने पत्नी के व्यवहार में बदलाव और साथ रहने से इनकार करने का जिक्र किया है। सुनवाई के दौरान पत्नी की ओर से कहा गया कि वैवाहिक जीवन साझेदारी का संबंध होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि किसी की व्यक्तिगत गोपनीयता खत्म हो जाती है। पति पत्नी को अपने मोबाइल या बैंक पासवर्ड देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता और ऐसा करना गोपनीयता का हनन और घरेलू हिंसा माना जा सकता है। हाईकोर्ट ने पति की याचिका खारिज कर दी।

## वेलनेस सेंटरों में मरीजों के लिए योग का प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत नागरिकों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु राज्य में 32 आयुष योगा वेलनेस सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक योग की परंपरा को पहुँचाना तथा आधुनिक जीवनशैली में उत्पन्न तनाव, अवसाद एवं अस्वस्थता से मुक्ति दिलाना है। राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित योगा वेलनेस सेंटरों में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आहार परामर्श जैसी गतिविधियाँ नियमित रूप से कराई जा रही हैं।

इन केन्द्रों में निःशुल्क नागरिकों को दैनिक योगाभ्यास की सुविधा दी जा रही है। योगा वेलनेस सेंटर न केवल स्वास्थ्य संवर्धन के केंद्र हैं बल्कि "रोग से मुक्त जीवन की ओर जनआंदोलन" के रूप में उभर रहे हैं। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को योग से जोड़ना और "फिट इंडिया" की भावना को साकार करना है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 447/ निर्माण/2025 दिनांक 13.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 03 राताखार बजरंग चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। वर्तमान वार्ड क्र. 04) (अ.जा.वि.प्रा. मद) (चतुर्थ निविदा) | 10.00 | 01.12.2025 (T.No. 179390) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)


# ई-व्हीकल 52 हजार से ज्यादा सब्सिडी का 116 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने केंद्र के साथ राज्य सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए केंद्र के साथ राज्य सरकार द्वारा लोगों को ईवी खरीदने प्रोत्साहित करने रोड टैक्स सहित कीमत में सब्सिडी दे रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अक्टूबर तक की स्थिति में सब्सिडी की राशि 115 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा की सब्सिडी राशि ईवी खरीदने वाले 52 हजार 265 लोगों को नहीं मिल पाई है। ईवी को बढ़ावा देने राज्य में 31 अगस्त 2022 से पांच वर्ष के लिए ईवी पॉलिसी लागू की गई है। जब ईवी पॉलिसी लागू की गई उस समय ईवी वाहन के प्रकार के अनुसार नए वाहन में 100 प्रतिशत तक रोड टैक्स में छूट दी गई। वर्तमान में रोड टैक्स में 50 प्रतिशत तक छूट है। इस तरह वाहन के प्रकार के अनुसार 10 प्रतिशत से लेकर एक लाख रुपए तक राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी गई है। रोड टैक्स सहित अन्य टैक्स में कटौती के बाद भी ईवी की बिक्री में लगातार इजाफा हो रहा है। राज्य में वर्तमान में पौने दो लाख के करीब ईवी कार, दोपहिया सहित मालवाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसमें 50 सीसी से कम स्पीड वाले करीब 30 हजार वाहन शामिल हैं। ऑटोमोबाइल डीलरों का कहना है कि ईवी की डिमांड पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए ब्रांडेड कंपनियों द्वारा नई वैरायटी और आर्कषक वाहनों को लांच किया जा रहा है।

### शासन को पत्र लिखा है

ईवी की बकाया सब्सिडी राशि वाहन मालिकों को देने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। राशि मिलते ही जल्दी ही वाहन मालिकों को वितरण किया जाएगा।

- **डी. रविशंकर,** अतिरिक्त परिवहन आयुक्त

### बकाया सब्सिडी का फैक्ट फाइल

| वर्ष | वाहनों की संख्या | बकाया |
|---|---|---|
| 2022-23 | 3669 | 7 करोड़ 44 लाख 32 हजार 516 |
| 2023-24 | 15938 | 34 करोड़ 98 लाख 43 हजार 981 |
| 2024-25 | 24125 | 52 करोड़ 19 लाख 68 हजार 408 |
| 2025-26 | 8533 | 21 करोड़ 22 लाख 60 हजार 620 |

### परिवहन विभाग ने लिखा पत्र

ईवी वाहन मालिकों को सब्सिडी का लाभ जल्द से जल्द मिले। इसके लिए परिवहन विभाग के अफसरों ने राज्य शासन को सब्सिडी की राशि देने बजट की मांग की है। शासन से सब्सिडी की राशि मिलने के बाद परिवहन विभाग ईवी गाड़ी खरीदने वाले जिन्हें अब तक सब्सिडी की राशि नहीं मिली है, उनके अकाउंट में देंगे।

## चार जिलों में 10 बेड वाले प्राकृतिक चिकित्सालय स्वीकृत

**रायपुर।** शासन द्वारा जशपुर ,मनेन्द्रगढ़ ,रायगढ़ एवं बस्तर में 10 शैय्या युक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय केंद्र के भवन निर्माण हेतु 11 करोड़ 22 लाख 28 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसमे प्रति चिकित्सालय हेतु कुल 20 चिकित्सकीय स्टाफ एवं कर्मचारी की भी स्वीकृति देते हुए कुल 80 पदों का स्वीकृति प्रदान किया गया। आयुष के अधीनस्थ सभी प्राकृतिक चिकित्सालयों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

जिनका लाभ राज्य के सभी लोगों को प्रदान किया जाएगा। प्राकृतिक चिकित्सा एक समग्र स्वास्थ्य प्रणाली है जो जीवन शक्ति के सिद्धांतों और शरीर की स्व-उपचार क्षमताओं को बढ़ावा देती है। यह शरीर, मन, समाज और आध्यात्मिकता के विभिन्न आयामों में प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने पर जोर देती है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. निर्माण/2025 दिनांक: 13.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.04 राताखार सतनाम भवन परिसर के पास अतिरिक्त कक्ष व किचेन शेड निर्माण कार्य। (प्रभारी मंत्री मद) (तृतीय निविदा) | 15.00 | 01.12.2025 (T.No. 179388) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)



## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 179540 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | बिजराकांपा कला से हरनाचाका मार्ग लंबाई 7.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 1192.58 |
| 2 | 179555 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | चंदियाभाठा से खुडिया तक पहुंच मार्ग लंबाई 4.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 576.13 |
| 3 | 179563 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | लाखासार पुल से माहेबंधा तक पहुंच मार्ग लंबाई 4.80 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 647.36 |
| 4 | 179567 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | विकासखण्ड तखतपुर के चिचिरदा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन, बालक/बालिका छात्रावास भवन का निर्माण, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य। | 1001.31 |
| 5 | 179566 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | पोता से फगुरम मार्ग लंबाई 15.00 कि.मी. का नवीनीकरण कार्य। | 1908.16 |
| 6 | 179578 प्रथम आमंत्रण 14.11.2025 | धुरकोट पेण्डरवा चन्द्रपुर मार्ग लंबाई 23.80 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 6170.27 |
| 7 | 179841 प्रथम आमंत्रण 17.11.2025 | जिला राजनांदगांव के (1) राजनांदगांव बायपास सर्विस मार्ग लंबाई 7.85 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य, (2) गौरीनगर से संगम चौक मार्ग लं. 1.58 कि.मी. का डामरीकरण, (3) प्यारेलाल स्कूल चौक से तुलसीपुर रेल्वे क्रासिंग पहुंच मार्ग लं. 0.85 कि.मी. का निर्माण, (4) दिग्विजय कॉलेज से वाईडनर स्कूल मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का निर्माण . (5) अंबेडकर चौक से मोतीपुर अण्डरब्रिज पहुंच मार्ग लं. 0.75 कि. मी. का निर्माण एवं, (6) रीवागहन बनहरदी मार्ग लं. 2.60 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। समूह निविदा। | 680.20 |
| 8 | 179851 प्रथम आमंत्रण 17.11.2025 | जिला गरियाबंद के राजिम चौबेबांधा-नवागांव मार्ग लंबाई 3.30 कि. मी. का चौड़ीकरण कार्य पुल पुलिया सहित। गरियाबंद संभाग। | 807.63 |
| 9 | 179871 प्रथम आमंत्रण 17.11.2025 | जिला बलौदाबाजार के बलौदाबाजार रिसदा हथबंद सिमगा (मुख्य मार्ग क्र. 57) के कि.मी. 1/2 से 49/6 48.60 कि.मी. में डामर मजबूतीकरण निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग। | 4870.03 |
| 10 | 179874 प्रथम आमंत्रण 17.11.2025 | जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भाटापारा सेमरिया चंदखुरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग लं. 140) के कि.मी. 1/2 से 14/2 (150) = 13.15 कि.मी. में डामर मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया | 1283.13 |
| 11 | 179878 प्रथम आमंत्रण 17.11.2025 | जिला सूरजपुर के वि.खं. सूरजपुर के भैयाथान के मुख्य मार्ग से उंचडीह - नेवरा - बरौला-परसापारा - कृष्णापुर मार्ग लं. 12.18 कि. मी. निर्माण कार्य। | 2024.55 |
| 12 | 179882 प्रथम आमंत्रण 17.10.2025 | झिरवन से धौराभाठा मार्ग लंबाई 2.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 300.91 |
| 13 | 179881 प्रथम आमंत्रण 17.10.2025 | पी.एम.उषा योजनांतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एकीकृत परीक्षा हॉल (प्रथम तल) भवन के निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण सहित, जमा कार्य। | 308.77 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 05 से सं.क. 06 दिनांक 08.12.2025, स.क्र. 07 से सं.क. 13 दिनांक 10.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 05.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252604873/2


# राज्य के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि पांच दिन और चढ़ेगा तो कम होगी ठंड

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

हवा की दिशा पूर्वी होने के बाद पिछले चौबीस घंटे में राज्य के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। अगले पांच दिन तापमान और चढ़ने की गुंजाइश है, जिससे बढ़ती ठंड से राहत मिलेगी। अभी सरगुजा के कुछ जिलों में शीतलहर के हालात बने हुए हैं, जिसका असर भी आने वाले दिनों में कम होने की संभावना है। बुधवार को दिन में धूप तेज होने का अहसास हुआ।

राज्य में कड़ाके की ठंड का पहला दौर बीतने के बाद अब सप्ताह दिन का ब्रेक लग गया है। राज्य में आने वाली हवा की दिशा पूर्वी हो गई है, जो नमी लिए हुए है। इसका सीधा असर राज्य के न्यूनतम यानी रात के तापमान में हुआ है। पिछले चौबीस घंटे के औसत तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई है। सोम-मंगलवार की दरम्यानी रात अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री था, वहीं रायपुर का पारा 13.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था। मंगल-बुध की दरम्यानी रात यह क्रमशः 8.0 और 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसमें 3 से 5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। बुधवार को शहर में दिन को थोड़ी गर्मी का अहसास हुआ, मगर तापमान में विशेष तरह का परिवर्तन नहीं हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि अब राज्य में ठंड नवंबर के अंतिम सप्ताह में ही पड़ सकती है।

## सरगुजा में चली शीतलहर, आने वाले दिनों में मिलेगी राहत



### बलरापुर-जीपीएम में स्कूल का समय बदला

प्रदेश के उत्तरी इलाकों में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच बलरामपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में विद्यालय के समय में बदलाव किया गया है। कलेक्टर ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया है। दो पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में प्रथम पाली की कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से प्रारंभ होंगी। शनिवार को दोपहर 12.45 बजे से 4.15 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। वहीं दूसरी पाली की कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक 12.45 बजे से 4.15 बजे तक संचालित होंगी। शनिवार को सुबह 9 बजे से लेकर 12:30 तक स्कूल संचालित होगा। एक पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक संचालित होंगी। रायपुर समेत मध्य इलाके में भी ठंड का असर काफी है, मगर यहां स्कूलों की टाइमिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है।


## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**/ / अधिसूचना //**

क्रमांक / 8084/ भू-अर्जन / कले./2025 बलरामपुर, दिनांक 29/10/2025

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 8 सहपठित नियम 26 अन्तर्गत:-**

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज के द्वारा बॉयपास सड़क योजना अन्तर्गत ग्राम रजखेता तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत ग्राम रजखेता तहसील वाड्रफनगर के कुल 13 खातेदारों की कुल रकबा 0.7056 हे. निजी भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन / सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना के मूल्यांकन हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक /3645/भू-अर्जन /कले./2025 बलरामपुर के दिनांक 09.05.2025 के माध्यम से विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था तथा श्री पी. निहलानी, सेवा निवृत संयुक्त सचिव छ.ग. के द्वारा मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

2. मूल्यांकन प्रतिवेदन के अनुसार विशेषज्ञ समूह द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग रामानुजगंज के द्वारा बॉयपास सड़क योजना के निर्माण हेतु जिला बलरामपुर-रामानुजगंज तहसील वाड्रफनगर के ग्राम रजखेता के कुल 13 खातेदारों की भूमि का कुल रकबा 0.7056 हे. के अर्जन हेतु अनुशंसा की गई है।
3. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन, सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना, विशेषज्ञ समूह का मूल्यांकन प्रतिवेदन एवं अन्य सभी प्रासंगिक अभिलेखों के अवलोकन एवं विचारोपरांत निष्कर्ष निम्नानुसार है :-

(1) प्रस्तावित अर्जन के संबंध में एक विधिसम्मत और सद्भाविक लोक प्रयोजन है, जिसके कारण प्रस्तावित भूमि का अर्जन आवश्यक हो गया है।
(2) परियोजना के सामाजिक व्यय एवं प्रतिकूल सामाजिक समाघात की तुलना में संभाव्य लाभ अधिक है।
(3) परियोजना के लिए अपेक्षित भूमि न्यूनतम क्षेत्र का अर्जन किये जाने का प्रस्ताव है।
(4) इस परियोजना के लिए ऐसी कोई अनुपयोगी भूमि नहीं है, जिसका ग्राम रजखेता में पूर्व से अर्जन किया गया है।
(5) भूमि अर्जन, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 2 की उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन अपेक्षित प्रभावित कुटुम्बों की पूर्व सहमति विहित रीति एवं निर्धारित प्रारूप में अभिप्राप्त कर ली गई है।

अतएव विशेषज्ञ समूह की अनुशंसा के अधार पर (क) न्यूनतम विस्थापन (ख) अधोसंरचना पर न्यूनतम बाधा (ग) पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव को सुनिश्चित करते हुए कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज के द्वारा **बॉयपास सड़क योजना निर्माण हेतु** सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन के संलग्न में दर्शाए अनुसार जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत तहसील वाड्रफनगर अन्तर्गत ग्राम वाड्रफनगर के कुल 13 खातेदारों की कुल रकबा 0.7056 हे. निजी भूमि का भूमि अर्जन, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013'' एवं प्रासंगिम नियमों के अनुसार अर्जन का विनिश्चय किया जाना है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, वाड्रफनगर

कलेक्टर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

G 252604866/2


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6053



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 6052 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | क्षा | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | ब | जा | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 6063

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6062 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## शहरों में 20...

मूल्य निर्धारण होगा। असिंचित भूमि का मूल्यांकन सिंचित भूमि की दर से 20% कमी कर किया जाएगा। **समूह में खरीदी के लिए ये प्रावधान-** जब एक से अधिक व्यक्ति जो एक ही परिवार के सदस्य न हो परन्तु मिलकर नगरीय क्षेत्र में भूमि क्रय करते हैं, तो प्रत्येक अंशधारी के हिस्से अनुसार रकबे का मूल्यांकन पृथक-पृथक कंडिका के मुताबिक किया जायेगा। यदि किसी दस्तावेज में अंश निर्धारित न हो. तो ऐसे में प्रत्येक अंशधारी का हिस्सा समान माना जाएगा। परिवार के सदस्यों के अन्तर्गत माता-पिता, पति-पत्नि, पुत्र-पुत्री, पुत्रवधु, भाई-बहन, नाती-नातिन, पोता-पोती शामिल माने जायेंगे। **शहरों में ऐसे तय होगी दर-**नगरीय क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से 20 मीटर की गहराई, दूरी पर स्थित भूखंड़ों को मुख्य सड़क के लिए निर्धारित दर अनुसार बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। परंतु यदि कोई पक्षकार 20 मीटर की गहराई, दूरी, से अधिक गहराई तक की भूमि खरीदता है तो संपूर्ण भूखंड को मुख्य सड़क से लगा मानकर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। **ग्रामीण क्षेत्र के लिए ये होगा हिसाब-**ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से दोनों ओर 50 मीटर की दूरी (गहराई) तक स्थित भूमियों को सड़क से लगी मानकर उसके लिये निर्धारित दर के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा। परन्तु यह भी कि यदि कोई पक्षकार 50 मीटर की गहराई,या दूरी से अधिक गहराई तक की भूमि क्रय करता है तब संपूर्ण रकबा को मुख्य सड़क से लगा हुआ मानकर बाजार मूल्य की गणना की जायेगी।

## इन सड़कों को...

राईट ऑफ वे को देखते हुए 18 मीटर (60 फीट) अथवा इससे अधिक चौडी सड़क मुख्य मार्ग मानी जायेगी।

## जहां हिड़मा की...

दंडकारण्य का सबसे हिंसक और खतरनाक माओवादी कमांडर था, एक ऐतिहासिक मोड़ है। उसकी मौत के साथ सीपीआई-माओवादी ने अपना मुख्य गुरिल्ला रणनीतिकार, बड़े हमलों का प्रमुख योजनाकार और बस्तर में शांति व विकास का सबसे बड़ा बाधक खो दिया है। **आंध्रप्रदेश के 5 जिलों से 50 बड़े कैडर के नक्सली गिरफ्तार-** छत्तीसगढ़ से भागकर आंध्रप्रदेश में छिपे माओवाद संगठन के नक्सली बटालियन नम्बर एक के अलग-अलग एरिया में सक्रिय रहे 50 नक्सलियों को आंध्रप्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी नक्सली छग के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जिलों में कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे है। आंध्रप्रदेश के पुलिस प्रशासन ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर इन सभी गिरफ्तार नक्सलियों की जानकारी साझा की है। छग में चल रही अभियान से डरकर यह सभी नक्सली भागकर आंध्रप्रदेश के विभिन्न जिलों, खासकर शहरी इलाकों में शरण लेने लिए हुए थे। आंध्र प्रदेश पुलिस ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया और परिणाम स्वरूप, एसजेडसी सदस्यों से लेकर नियमित सक्रिय नक्सली विभिन्न रैंकों के 50 नक्सलियों को पकड़ा गया है। यह अभियान कृष्णा, एलुरु, एनटीआर विजयवाड़ा, काकीनाडा और डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिला में चलाया गया। इस धरपकड़ एवं मारे गए नक्सलियों के चलते दक्षिण बस्तर और दंडकारण्य नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। हिरासत में लिए गए लोगों में वरिष्ठ माओवादी नेता, रसद विशेषज्ञ, संचार कार्यकर्ता और सशस्त्र प्लाटून सदस्य, पार्टी सदस्य शामिल हैं। जिनमें से कई सीपीआई माओवादी पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य माड़वी हिड़मा से घनिष्ठ रूप से जुड़े थे। यह ऑपरेशन आंध्रप्रदेश के डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता, एडीजी इंटेलिजेंस महेश कुमार लड्डा, एसआईबी प्रमुख पीएचडी रामकृष्ण, आईपीएस के नेतृत्व में बनाई गई थी और राज्य खुफिया विभाग, पुलिस आयुक्त, विजयवाड़ा और कृष्णा, एलुरु, काकीनाडा और कोनासीमा के जिला एसपी के संयुक्त प्रयास से इसे अंजाम दिया गया। आंध्रप्रदेश पुलिस बताया कि हिरासत में लिए गए नक्सलियों में सीनियर नक्सली लीडर, लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट, कम्युनिकेशन आपरेटिव्स और हथियारबंद प्लाटून मेंबर, पार्टी मेंबर शामिल हैं, जिनमें से कई नक्सली पार्टी के सेंट्रल कमेटी मेंबर माड़वी हिड़मा से करीब से जुड़े थे।

## मारे गए नक्सलियों...

का ईनाम, लोकेश उर्फ गणेश डीवीसीएम सदस्य 8 लाख का ईनाम, सैनु उर्फ वासु डीवीसीएम सदस्य, 8 लाख का ईनाम, अनिता डीवीसीएम सदस्य 8 लाख का ईनाम, शम्मी डीवीसीएम सदस्य 8 लाख का ईनाम है। दो दिनों में हिड़मा सहित 13 बड़े नक्सली हुए ढेर।

## अब माओवादी कैडरों...

सीमावर्ती राज्यों की सुरक्षा बल भी नक्सल हिंसा को समाप्त करने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में शरण लेने और अपनी हिंसक गतिविधियां जारी रखने के इरादे से अन्य राज्यों में भाग जाना अब माओवादी कैडरों के लिए कोई विकल्प नहीं रह गया है।

## बॉर्डर पर पुलिस-...

डटकर मुकाबला कर रहे हैं। **उपचार के दौरान वीरगति-** पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान जिला बालाघाट मप्र के हॉक इंस्पेक्टर आशीष शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस बल ने उपचार हेतु डोंगरगढ़ अस्पताल लाया। पुलिस के मुताबिक उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। इस दौरान बालाघाट, राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिले के आला पुलिस अफसर भी डोंगरगढ़ क्षेत्र में उपस्थित रहे।

## आरआई प्रमोशन...

ठिकानों से डिजिटल साक्ष्य, लेनदेन संबंधी एग्रीमेंट तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। दस्तावेजों का विश्लेषण तथा अध्ययन करने के बाद आगे और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। **यह है पूरा मामला -**पटवारी से आरआई बनने 7 जनवरी 2024 को परीक्षा हुई थी। परीक्षा में 2600 से ज्यादा पटवारियों ने हिस्सा लिया था। 29 फरवरी 2024 को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें 216 पटवारियों का चयन प्रशिक्षण के लिए हुआ था। हालांकि बाद में सिर्फ 13 अभ्यर्थियों का ही अंतिम चयन हुआ था। इसके बावजूद 22 लोगों का सिलेक्शन कर लिया गया। इस पर जांच कमेटी ने सवाल उठाए हैं। शिकायतों में यह प्रमुख मुद्दा बना कि परीक्षा में बड़ी संख्या में परिवारजनों या करीबी रिश्तेदारों को सुनियोजित तरीके से बैठाया गया था। इसी को लेकर एसीबी की टीम ने छापेमारी की है। **इस तरह गड़बड़ी करने का आरोप -**पटवारी से आरआई चयन करने अफसरों पर गड़बड़ी करने के जो आरोप हैं, उसके मुताबिक राजस्व विभाग ने परीक्षा से पहले पटवारियों को एक जगह बिठाकर उनसे प्रश्नपत्र हल करवाए। आरोप है कि इसके लिए राजस्व विभाग के अफसरों ने 10-10 लाख लेकर पटवारियों को रेवेन्यू इंस्पेक्टर बना दिया। गंभीर अरोप यह है कि परीक्षा से पहले पेपर लीक किया गया और जिन लोगों से पैसा लिया गया, उन पटवारियों को जानबूझकर आउट ऑफ कोर्स पूछा गया, ताकि बाकी पटवारी उसे हल नहीं कर सकें। यही नहीं, एक ही रोल नंबर दो-दो तीन-तीन पटवारियों को आबंटित कर दिया गया। **इस विभाग ने परीक्षा आयोजित की थी-** पटवारी से आरआई चयन के लिए कमिश्नर लैंड रिकार्ड आफिस ने परीक्षा आयोजित की थी। अफसरों ने परीक्षार्थियों से उत्तरपुस्तिका में मोबाइल नंबर लिखवा लिया। मोबाइल नंबर लिखवाने का उद्देश्य यह था कि परीक्षा के बाद पटवारियों से संपर्क कर पास करने के लिए डील की जा सके। देश में ऐसी कोई भी परीक्षा नहीं होती, जिसमें आंसर शीट पर मोबाइल नंबर लिखा जाता हो।

## चार आरआई के ....

की है। सभी आरआई अलग अलग जिलों में पदस्थ हैं और काफी सीनियर आरआई हैं। धरम देव लकड़ा वर्तमान में अंबिकापुर भू अभिलेख में, अभिषेक सिंह सूरजपुर जिले में, नरेश मौर्य अंबिकापुर भू अभिलेख में एवं गौरीशंकर सूरजपुर में पदस्थ हैं। यह कार्रवाई वर्ष 2024 में हुए आरआई भर्ती पेपर लीक से जुड़ा हुआ है। पेपर लीक मामले में ईओडब्ल्यू ने पूर्व में ही एफआईआर दर्ज किया था। इस परीक्षा में अंबिकापुर से शामिल होने वाले सभी पटवारी पास हो गए थे और बाद में जब गड़बड़ी उजागर हुई और परीक्षा जांच के दायरे में आई तो प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार जिन आरआई के ठिकानों में छापेमारी की गई है वे सभी पटवारियों को परीक्षा दिलाने वाले अधिकारियों में शामिल थे। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम अधिकारियों के घर में पेपर लीक से सम्बंधित दस्तावेज, लेनदेन से जुड़ी जानकारियां हासिल करने में जुटी हुई है। एसीबी-ईओडब्ल्यू की यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही लेकिन जांच में किया मिला इसका अब तक पता नहीं चल सका है।

## राष्ट्रपति आज अंबिकापुर...

जनजातीय विद्रोहों के नायकों एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा बैगा, गुनिया, हड़जोड़ सम्मान योजना का शुभारंभ किया जाएगा।

## राज्यपाल और सीएम...

रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और सरगुजा लोकसभा के सांसद चिंतामणि महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नगर-निगम अम्बिकापुर की महापौर मंजूषा भगत सहित मंत्री, सांसद, विधायक, निगम मण्डल, आयोग तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि समाज के प्रबुद्धजन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## खड़ी ट्रक से...

जाकर उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कार्पियो के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी में सवार कई युवक वहीं फंस गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर लगते ही पूर्व विधायक संतराम नेताम ग्राम बड़ेडोगर भैसाबेड़ा पहुचें और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर इस दुख की घड़ी में संवेदना प्रगट की। **यह हुए घायल-**सोगेंद्र मंडावी पिता तिजाऊ (22) व रविन्द्र नेताम पिता गोमूराम (28), चालक ओंकार नाग पिता स्व सुरेश कुमार (28) घायल हैं। वहीं कोंडागांव अस्पताल में धनेश्वर नाग पिता स्व बोधन लाल (18), दामेंद्र नाग पिता स्व गणेश (22), रामचंद्र राणा पिता रामनाथ (27) रिफर किया गया है। टेकेश्वर मांझी पिता पुषउ (22) मामूली रूप से घायल हैं। जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

## गांव में पसरा ....

किया गया। हादसे में मृत हुए लखनराम मंडावी और उसके पुत्र भूपेंद्र मंडावी, भतीजा रूपेश मंडावी, तीनों के शवों को एक साथ, एक ही चिता में जलाया गया।

## प्ले स्कूल जिला शिक्षा ...

प्ले स्कूलों का संचालन किया जाना है। आदेश जारी होने के तीन माह के भीतर प्रदेशभर में संचालित प्ले स्कूलों को तीन माह के भीतर जिला शिक्षा कार्यालय में पंजीयन के लिए आवेदन देना होगा। गौरतलब है कि हरिभूमि ने पहले ही यह जानकारी अपने पाठकों को दी थी कि प्रदेश में प्ले स्कूल एक्ट तैयार किया जा रहा है तथा इनके लिए भी नियमावली तैयार होगी।

## ऐसा है प्ले स्कूल ...

गठन अनिवार्य होगा। इसका कार्यकाल एक वर्ष का होगा। इसमें 75 प्रतिशत पालक और 25 प्रतिशत शिक्षक होंगे। पालकों में भी 75 प्रतिशत महिलाएं होंगी। समिति बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ वातावरण सहित खेल-खेल में शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। समिति की त्रैमासिक बैठक होगी, जिसके बिंदु रजिस्टर में दर्ज करने होंगे। प्ले स्कूल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।

## नीतीश को लेकर...

इससे पहले, राजग विधायक दल की बैठक में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। विधानमंडल के सेंट्रल हाल में आयोजित बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने किया। इसके साथ ही नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता औपचारिक रूप से साफ हो गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 75 वर्षीय नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले राजग के प्रमुख घटक दलों ने बुधवार को अपने-अपने विधायक दल के नेताओं को चुना। जदयू के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना। जदयू की बैठक पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर के 'संवाद' में आयोजित की गई, जिसमें सभी नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी से विधान परिषद के 22 सदस्य मौजूद थे। जदयू नेता एवं राज्य के निवर्तमान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, नवनिर्वाचित विधायकों ने नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना है। उन्होंने बताया कि बैठक में जदयू नेता विजय चौधरी और उमेश कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा, जिसका जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र यादव ने समर्थन किया और बाद में इस प्रस्ताव का समर्थन जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने भी किया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए राज्य के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। पार्टी नेता श्रवण कुमार ने बताया कि जदयू प्रमुख नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उधर, भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक में नव-निर्वाचित विधायकों ने सम्राट चौधरी को नेता चुना। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक केशव प्रसाद मौर्य ने बताया, भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उपनेता चुना है।

## छत्तीसगढ़ अब ...

छत्तीसगढ़ में वे स्कूल के समय से घूमते आ रहे हैं। यहां आकर ऐसा नहीं लगता वे किसी दूसरे प्रदेश में आए हैं। मुझे गर्व है कि छत्तीसगढ़ अब पिछड़ा राज्य नहीं रहा। यह विकसित राज्य बन चुका है। छत्तीसगढ़ ने नक्सलवाद का दर्द झेला है। गृहमंत्री ने तारीख बताते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। आज वह तारीख आ गई है। नक्सलवाद के ताबूत की अंतिम कील ठोक दी गई है। उन्होंने कहा कि अब देश में न तो नक्सलवाद चलेगा और न ही आतंकवाद। दिल्ली विस्फोट के आरोपियों को ढूंढ-ढूंढकर बदला लिया जाएगा। चाहे वे धरती के भीतर छिप जाए, उनका पूरा हिसाब किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष कार्य करने के लिए भारत की भूमि पर जन्म लिए हैं। किसी ने सोचा नहीं था कि रामलला का मंदिर बनेगा, कश्मीर से धारा 370 हटेगी। लोग इन बातों को असंभव मानते थे लेकिन मोदीजी ने यह कर दिखाया। आज कश्मीर में शांति है। **खुमरी पहनाकर किया स्वागत-** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में खुमरी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें मखाना की माला भी पहनाई गई। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने धमतरी मखाना पैकेट का विमोचन किया। कृषि मंत्री ने धमतरी के नाश्ता और मूंग बड़ा की भी तारीफ की। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, रामविचार नेताम, सांसद रूपकुमारी चौधरी, भोजराज नाग, महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। **करोड़ों की मिली सौगात-**कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत प्रदेश के 100 से अधिक आबादी वाले 780 बसाहटों को जोड़ने 2242 करोड़ रुपए से अधिक लागत की लगभग 2442 किलोमीटर लंबी 774 सड़कों का शिलान्यास किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत 17,357 स्वसहायता समूहों को चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि, बैंक क्रेडिट लिंकेज निधि 286 करोड़ रुपए का वितरण किया गया।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल
• केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए सेल्स मैन एवं सेल्स गर्ल तथा हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- संध्या साड़ी हाउस देवकीनन्दन स्कूल चौक बिलासपुर (39192)

**आवश्यकता है-** मेस में काम करने के लिए कुक की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- दिल्ली आईएएस एकेडमी के पीछे मंगला बिलासपुर 9755655055 (39193)

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन मिस्त्री (अनुभवी) एवं फोरमेन जो कि सभी मशीन चलाना जानता हो सम्पर्क करें जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (39194)

**आवश्यकता है-** फील्ड कार्य हेतु कर्मचारी (आयु 30वर्ष से ऊपर, स्वयं की सायकल हो) लॉज में वेटर/ नियमित झाडू पोछा, सफाई हेतु कर्मचारी, अनुभवी बिजली मिस्त्री वेतन 10000 ग्रामीणों को भोजन आवास निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (39195)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए तन्दूर मिस्त्री, किचन हेल्पर और वेटर लेडीज, जेंट्स दोनों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साँझा चूल्हा महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8319344041 (39196)

**आवश्यकता है-**OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000 रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (39183)

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री पता- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा, रायपुर 7471176423 (39200)

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39197)

**आवश्यकता है-** परमानेंट ड्राइवर चाहिए फोर व्हीलर गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी लाइसेंस धारी ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल बिलासपुर वाले को प्राथमिकता वेतन 8000 सम्पर्क करें- 7470441882 (39198)

**आवश्यकता है-** हास्टल में साफ सफाई कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी. पुरी मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (39186)

**आवश्यकता है नर्सिंग स्टॉफ काउन्टर स्टॉफ**
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है-** अनुभवी मेहनती फील्ड कार्य हेतु सुपरवाइजर कम्प्यूटर कार्य, हिन्दी टाइपिंग जानकार, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, युवक, युवती। सम्पर्क- अजय शुक्ला ग्रीन पार्क जरहाभाटा हर्ष आशियाना के पास बिलासपुर 6267249741 9589944464 (39199)

**आवश्यकता है-** मैनेजर/ आफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता है जिसे फील्ड में कार्य करने, कम्प्यूटर चलाने का अनुभव हो। वेतन योग्यता अनुसार। स्वयं का वाहन। सम्पर्क करें- फर्म किशनचंद जी जादवानी 9827126666, 9827177676 (39187)

**आवश्यकता है-**नवजात शिशु एवं माँ की मालिश हेतु अनुभवी 35 से 50वर्ष महिला चाहिए। वेतन 15000 से 20000 भोजन मुफ्त छत्तीसगढ़ में तुरन्त आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (39178)

**आवश्यकता है-**स्टाफ नर्स बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और ओटी टेक्निशियन की आवश्यकता है (होस्टल उपलब्ध) सम्पर्क करें- अमृता हॉस्पिटल, टाटीबंध, रायपुर 7770003286 (6572)

**आवश्यकता है-** अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर फील्ड वर्क अनुभवी) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) चाहिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (39188)

**आवश्यकता है-** कपड़े एवं कॉस्मेटिक शॉप में काम कुन के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिमर एण्ड शाइन कॉस्मेटिक सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स अग्रसन चौक बिलासपुर 8602460166 (39184)

**आवश्यकता है-**घरेलू एवं ऑफिस के ऊपरी कार्य हेतु एक लड़का चाहिए (जिसे खाना बनाना, बाइक चलाना आता हो) एवं एक मेल कुक चाहिए सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (39180)

**आवश्यकता है-**नवजात शिशु की देखभाल हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109167378 (39177)

**आवश्यकता है-** Puniform Texmart में सिलाई कार्य के लिए 6 दर्जी (Tailor) 2 मास्टर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- महामाया विहार वेयर हाउस रोड बिलासपुर 9406351753, 8889990201, 9111002777 (39181)

**आवश्यकता है-**वेलनेस शॉपी में बिलिंग, प्रोडक्ट देने हेतु एक कम्प्यूटर अनुभवी नवयुवक, एक अनुभवी फील्ड मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, मैनेजर लड़का चाहिए सम्पर्क करें- शाम 6 से 10बजे शॉप नं-2, अरपा कॉम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (39179)

**आवश्यकता है-**हाऊस कीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000-10000 पता-डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 7747000016, 7746000016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो. 9982589693, 8815522974 (513)

**आवश्यकता है-** शिवाय & रूद्र कार्पोरेशन को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए कृषि विकास और समद्धि योजना हेतु प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर की तुरंत आवश्यकता हैं, वेतन 30000+ 5% इंसेटिव, योग्यता पोस्ट ग्रेजुएशन, ग्रेजुएशन +बाइक कॉन्टैक्टः- 7909995001 (372)

**आवश्यकता है-**अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन+ पेट्रोल सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 6266732985, 9685138652 (346)

**आवश्यकता है-**एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं से ग्रेजुएट पास लड़के, लड़कियां वेतन 24500 से 64500 महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना खाना फंड बोनस सम्पर्क करें- 8053979338 (1225)

### टैक्स कंसलटेंट

**टैक्स कंसलटेंट-** इनकम टैक्स, जीएसटी, गुमास्ता, डायवर्शन, अकाउंटिंग, एमएसएमई पंजीयन, फूड लाइसेन्स, लीगल कंसल्टेन्सी इत्यादि कार्यों हेतु सम्पर्क करें- सुयश अग्रवाल टैक्स कंसलटेंट, सेकेण्ड फ्लोर मुल्कराज कॉम्प्लेक्स व्यापार विहार बिलासपुर 9009101660, 9244068285 (39185)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

### बेचना

**बेचना है-** बिलासपुर सीपत में मेन रोड पर सीमांकन किया हुआ 8850 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 150 फीट एक साथ या टुकड़े में रजिस्ट्री पश्चात डायवर्सन कर दिया जावेगा सम्पर्क करें- 6399166000, 7697558000 (39201)

**बेचना है-**न्यू पिकनिक स्पॉट खोन्धरा, शांत, सुरक्षित, सबसे कम दाम शानदार भवन शादी, पार्टी पिकनिक स्कूल टूर बाटनिकल गार्डन हेतु सम्पर्क करें- सार्थक फार्म स्टे- रमेश 7587298733 (39139)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 8839455596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-**जमीन जिले के भविष्य विकसित सीपत में निवेश करें आवासीय डायवर्टेड प्लाट, मकान, दुकान, कृषि भूमि की खरीदी बिक्री हेतु सीधे भूस्वामी से सम्पर्क करें। वाजिब रेट ईमानदारी का सौदा प्रॉपर्टी डीलर भी सम्पर्क करें। फाईनेन्स उपलब्ध राजू एण्ड इमरान प्रापर्टी नवाडीह भूपेन्द्र सम्पर्क- 8349566067 (39140)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है-**2016 की टोयोटा इनोवा क्रिस्टा 2.4V मैनुअल सेकेंड टॉप मॉडल केवल 90000किमी चली गाड़ी बहुत अच्छी रनिंग कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- 7725043140 (39176)

### किराया

**किराया-** शारदा सदन विद्या नगर शिव मन्दिर के पीछे बिलासपुर में 2500 वर्गफुट का 2मंजिला, फर्निश्ड घर किराए पर देना है 5 कमरे, हॉल परिवार ऑफिस हेतु उपयुक्त। सम्पर्क करें- 8989220777, 7024480818 (39191)

### फायनेंस

**फायनेंस-** महालक्ष्मी फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार की लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन, पर्सनल, लेबर कार्ड, डेयरी फार्म, होम लोन आधार कार्ड पर 50000-30 लाख तक, 2% ब्याज, 30% छूट संपर्कः- 8349203168 (371)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साइंटिस्ट)
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर दुनिया को चौंकाया

## डेढ़ लाख की आबादी वाले कुराकाओ ने किया कमाल, 12 अंकों के साथ ग्रुप-बी में रहा शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| किंग्सटन

कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।

**कोच एडवोकाट के नहीं रहने के बावजूद किया प्रवेश**



कुराकाओ ने कॉनकाकाफ में शामिल देशों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया तथा 12 अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। कुराकाओ ने नीदरलैंड के रहने वाले अपने कोच डिक एडवोकाट की अनुपस्थिति के बावजूद यह ऐतिहासिक परिणाम हासिल किया। 78 वर्षीय एडवोकाट को पारिवारिक कारणों से पिछले सप्ताहांत नीदरलैंड लौटना पड़ा था। एडवोकाट तीन बार नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के कप्तान रहे तथा कुराकाओ में कार्यभार संभालने से पहले वह दक्षिण कोरिया, बेल्जियम और रूस के कोच रहे थे।

# स्कॉटलैंड ने किया 28 साल का सूखा खत्म, किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



### स्विट्जरलैंड ने कोसोवो को हराकर बनाई जगह

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे डेनमार्क को 4-2 से पराजित करके शीर्ष स्थान हासिल किया। डेनमार्क को ग्रुप सी का विजेता बनने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। ऑस्ट्रिया ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान हासिल करके 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप में वापसी की, जबकि बेल्जियम ने लिचटेंस्टाइन को 7-0 से हराया। स्विट्जरलैंड ने कोसोवो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मिकेल ओयारजाबल ने 62वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जिससे स्पेन ने घरेलू मैदान पर तुर्किए के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस तरह स्पेन का यूरोप में अजेय रहने का सिलसिला 31 मैचों तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी जाएंगे गिल



**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे।'

### एनजेडसी के नए अध्यक्ष बने ग्रेटबैच



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, कोच और चयनकर्ता मार्क ग्रेटबैच को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) का नया अध्यक्ष चुना गया है। न्यूजीलैंड के लिए 1988 से 1996 के बीच 41 टेस्ट और 84 एकदिवसीय मैच खेलने वाले ग्रेटबैच लेस्ली मर्डोक की जगह लेंगे, जिन्होंने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। बोर्ड की चेयरमैन डायना पुकेटापु-लिंडन ने कहा, 'मैं पिछले तीन वर्षों में एनजेडसी अध्यक्ष के रूप में लेस्ली के पेशेवर रवैए और खेल के साथ-साथ संगठन के प्रति उनके अपार समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं।'

### खेल साहित्य महोत्सव में शिरकत करेंगे सोटोमायोर

**नई दिल्ली।** क्यूबा के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और ऊंची कूद में विश्व रिकॉर्डधारी खिलाड़ी जेवियर सोटोमायोर 22 नवंबर को एकाम्र खेल साहित्य महोत्सव (ईएसएलएफ) के सातवें सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। सोटोमायोर ने 1989 में पहली बार ऊंची कूद में आठ फीट की बाधा को पार किया था और 1993 में 2.45 मीटर (आठ फीट 1.4 इंच) का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उनके साथ पैनल में भारत के वर्तमान राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर भी शामिल होंगे। सोटोमायोर ने कहा, 'एकाम्र खेल साहित्य महोत्सव में शामिल होना सम्मान की बात है। पिछले सत्र में कुछ विश्व स्तरीय एथलीट इसमें शामिल हो चुके हैं। मैं ट्रैक एवं फील्ड में भारत की प्रगति पर नजर रख रहा हूं और जब नीरज चोपड़ा ने तोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता तो मुझे बहुत खुशी हुई।' इस सत्र में फलीस्तीन के मध्यम दूरी के धावक मोहम्मद द्वेदर भी शामिल होंगे, जिन्होंने हाल में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। इस महोत्सव में भारतीय एथलेटिक्स की अगली पीढ़ी को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें बाधा दौड़ के धावक शौर्य अम्बुरे, त्रिकूद की एथलीट पूर्वा सावंत और मध्यम एवं लंबी दूरी की धाविका बुशरा खान शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बनाई बढ़त : रिंकू ने खेली कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

# रेड बॉल में रिंकू सिंह की तूफानी बल्लेबाजी, तमिलनाडु के खिलाफ ठोके 176 रन, जड़ा लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

टी20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए। तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही, जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। इस टूर्नामेंट में यह उनका लगातार दूसरा शतक है। पिछले मैच में रिंकू ने आंध्र प्रदेश के खलिाफ 165 रन की पारी खेली थी। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।



### विदर्भ ने बड़ौदा को 144 रन से हराया

नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को इस जीत से छह अंक मिले, जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से दी मात

झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले।

### ओडिशा की नगालैंड पर शानदार जीत

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। ओडिशा को जीत दर्ज करने के लिए छह अंक मिले।


### मुंबई ने पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराया



**मुंबई।** मुंबई ने सिर्फ आधे घंटे में जीत की औपचारिकता पूरी की तथा पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में 498 रन के विशाल अंतर से पीछे रहने वाले पुडुचेरी ने चौथे दिन सुबह 8.3 ओवर में अपने बाकी बचे चार विकेट खोकर केवल 45 रन जोड़े और इस तरह से उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 276 रन पर आउट हो गई। पुडुचेरी की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की और उसकी हार तय लग रही थी। मुंबई की तरफ से चौथे दिन तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान शार्दुल ठाकुर और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला, जिससे मुंबई ने जल्दी ही जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। देशपांडे और ठाकुर दोनों ने पांच-पांच विकेट लेकर मैच का अंत किया, जबकि सिद्धेश लाड और आकाश आनंद ने शतक बनाए, जिससे मुंबई ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन बनाकर पारी घोषित की। पुडुचेरी की टीम पहली पारी में 132 रन ही बना पाई थी। मुंबई ने अपनी तीसरी जीत से सात अंक जुटाए जबकि पुडुचेरी को कोई अंक नहीं मिला।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

### मिचेल बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज, रोहित को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| दुबई

रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं, जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे।

### पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे बावुमा

कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने कॅरियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो सिलहट में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में छह विकेट लेकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का स्थान बरकरार रखा है।

### हेविट बनाएंगे 16 साल के बेटे के साथ जोड़ी, करेंगे टेनिस में शानदार वापसी

**सिडनी।** दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे।


**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जीएम / कोरबा / भू.रा. / 25 / 831 — दिनांक 03.10.2025

**शुद्धि पत्र**

आवश्यक सूचना के अंतर्गत अंबिका परियोजना के प्रभावित ग्राम-करतली के 05 काश्तकार (1) बुधवार सिंह पिता भूरा सिंह, (2) गोविन्द सिंह पिता कंचन सिंह, (3) बीर सिंह पिता दुलार सिंह, (4) अमोल सिंह पिता परमानंद, (5) बिरझा बाई पति प्रहलाद का नाम के अंतर का प्रकाशन हरिभूमि रायपुर समाचार में दिनांक 31.10.2025 को प्रकाशित हुआ था। जिसमें त्रुटिवश रोजगार के बदले एकमुश्त वित्तीय सहायता राशि प्राप्त करने हेतु प्रकाशन किया गया है, इसके स्थान पर रोजगार / नौकरी प्रदान किये जाने हेतु नामों में अंतर में पढ़ा एवं समझा जाए।

SECL/25-26/235 — महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना क्रमांक- एन/आई/टी/11/25/21 — दिनांकः 14.11.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोसिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11256428 | 13/12/2025 | 10:30 | 00 | 112380.00 |

विवरणः- (1). रेलवे स्टेशन पर 25 वाट वीएचएफ संश्लेषित ट्रांस रिसीवर सेट की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें साइट पर रेलवे इंजीनियर के अनुसार सभी लोहार और चिनाई कार्य शामिल है। आवश्यक जीआई पाइप ठेकेदार द्वारा साइट पर आवश्यकतानुसार 6 मीटर/ 1500 मिमी लंबाई, 50 मिमी/40 मिमी व्यास में आपूर्ति की जाएगी।
(2). आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107-2018 संस्करण 2.1 या नवीनतम के अनुसार 25 वाट डिजिटल वीएचएफ सेट की आपूर्ति। आरडीएसओ विनिर्देश खंड 10.0 के अनुसार। निम्नलिखित आवश्यक हैं:- 10.1 आवृति रेंज 146- 174 मेगाहर्ट्ज, 10.2 -आरडीएसओ खंड "5डी" के अनुसार 10.3- बैटरी प्रकार - 25 वाट सेट के लिए वीआरएलए 10.4- 25 वाट सेट के लिए क्षमताः 12 वी न्यूनतम 96 एएच 10.5- 25 वाट रेडियो के मामले में आपूर्ति की जाने वाली केबल की लंबाई 30 मीटर है 10.6- सॉफ्टवेयर के साथ प्रोग्रामिंग किट और 10.7- चैनल संख्या, घोषणा/ प्रदर्शन के लिए हिंदी भाषा आवश्यक है। निर्माता मोटोरोला या सुपीरियर मॉडल संख्या मोटोरोला स्टेटिक रेडियो मॉडल संख्या XiRM8668i या श्रेष्ठ.
(3). समाक्षीय सिग्नल के लिए प्रतिस्थापन योग्य सर्ज प्रोटेक्शन के साथ अटैचमेंट प्लग मॉड्यूल में सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस की आपूर्ति, फिक्सिंग और वायरिंग, इंटरफेस एन-कनेक्टर प्लग/सॉकेट को एंटीना और 25 डब्ल्यू वीएचएफ सेट के बीच सर्ज प्रोटेक्शन के रूप में स्थापित किया गया है, मेक- फीनिक्स कॉन्टैक्ट मॉडल CN-UB- 280DC-SB-2818148 या विनिर्देशों के अनुसार समान। इसमें साइट पर एसपीडी की कमीशनिंग के लिए सभी आवश्यक कनेक्टर/ क्लैंप के साथ माउंटिंग प्लेट और रिजर्व गैस से भरा सर्ज अरेस्टर (एक नंबर) शामिल है।
"निविदाकर्ता कृपया हमारी वेब साइट www.ireps.gov.in जाएं।
" नोटः- विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

वरिष्ठ सामाग्री प्रबंधक/ टीआरएस
सीपीआर/10/462 — द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

**कार्यालय नगर पंचायत परपोड़ी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/2064/न.पं./ लो.नि.वि./2025 — परपोड़ी, दिनांक 19/11/2025

**:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | निविदा हेतु जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य। ( कुल 07 पृथक-पृथक कार्य) | (2.05+2.67+1.78+2.09+7.33+5.31+2.34) कुल - 23.57 | 08.12.2025 16:00 बजे तक |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत परपोड़ी से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत परपोड़ी

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**आम सूचना**

न्यायालयीन प्रकरण उदलराम एवं अन्य बनाम एसईसीएल
उक्त प्रकरण में गेवरा क्षेत्र से संबंधित याचिकाकर्ताओं के नाम- 1) उदलराम पिता गोपीराम, ग्राम रलिया, 2) उषा शर्मा पति राम सजीवन शर्मा ग्राम बाहनपाठ 3) मनीष पाठक पिता नारायण प्रसाद (बैदेही पुत्री रामलाल) ग्राम बाहनपाठ 4) रविशंकर पिता रघुनाथ प्रसाद (कमल नारायण पिता रघुराज प्रसाद) ग्राम पोंड़ी 5) अरुण कुमार मिश्रा पिता गंर्धव प्रसाद मिश्रा ग्राम बाहनपाठ 6) श्रीराम, मूलचंद पिता फागूराम ग्राम पोंड़ी 7) शरवन थवाईत पिता परमानंद (फूलबाई पति परमानंद) ग्राम पोंड़ी 8) सुबोध कुमार पाण्डेय पिता स्व. सुशील कुमार पाण्डेय, ग्राम बाहनपाठ 9) बलराम थवाईत पिता साधराम थवाईत (धनीराम पिता कन्हैयालाल) ग्राम पोंड़ी 10) शिवनारायण पिता गोपाल प्रसाद ग्राम पोंड़ी 11) ममता साहू पति भोला साहू ग्राम रलिया 12) कीर्ति कुमार जायसवाल पिता संतोष जायसवाल (शशिबाई पुत्री हीरालाल ) ग्राम भिलाईबाजार।
गेवरा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित भूमि के कुछ खाताधारक जिनका कुल रकबा नियमित रोजगार हेतु आवश्यक रकबा (कट-ऑफ क्षेत्रफल) से कम था एवं उन्हें कोल इण्डिया पुनर्वास नीति के तहत् एसईसीएल में नियमित रोजगार हेतु अपात्र घोषित किया गया था। इन खाताधारकों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष याचिका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था।
माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने इस प्रकरण के आदेश दिनांक 06.03.2025 तथा डबल बेंच आदेश दिनांक 29.07.2025 के परिपालन में एसईसीएल को आदेश सहित आवेदन प्राप्ति के बाद याचिकाकर्ताओं के प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित किया था। माननीय न्यायालय के आदेश के परिपालन एवं याचिकाकर्ताओं के प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुये सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त याचिकाकर्ताओं के द्वारा उल्लेखित पतों पर अंतिम आदेश (Reasoned Order) जारी किया गया है। प्रायः यह देखा जा रहा कि, पोस्टल विभाग द्वारा भेजे गये कुछ अंतिम आदेश "पते पर उपलब्ध नहीं" की टिप्पणी के साथ विभाग को वापस प्राप्त हो रहें हैं।
ऐसे सभी याचिकाकर्ताओं, उनके परिजनों / शुभ-चिंतकों से आग्रह है कि, इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित हो / सूचित करें ताकि संदर्भित याचिकाकर्ता एसईसीएल गेवरा भू-राजस्व विभाग के कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर इन अंतिम आदेशों (Reasoned Order) को प्राप्त कर लेवें। इस प्रकाशन के पश्चात् भी उपस्थित नही होने पर माननीय न्यायालय के आदेश परिपालन में होने वाले विलम्ब के लिये वे स्वतः ही जिम्मेदार होगें।

महाप्रबंधक (भू.रा.), एसईसीएल, गेवरा क्षेत्र

**माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता**

ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1580 — **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — दिनांक 19/11/2025

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित अम्बिकापुर ग्राम केरता जिला सूरजपुर (छ.ग.) में पेराई सत्र 2025-26 हेतु 2500 टी.सी.डी. के शक्कर कारखाना हेतु मैकेनिकल, ईलेक्ट्रीकल, इन्स्ट्रूमेन्ट एवं अन्य सामग्री निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से क्रय करने हेतु एवं अन्य जनरल सामाग्री क्रय तथा सर्विसिंग, रिपेयरिंग एवं सिविल कार्य हेतु कुल 03 तृतीय ई-निविदा एवं पी.पी. बैग, केमिकल, निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से क्रय करने हेतु एवं अन्य जनरल सामाग्री, लैब इक्यूपमेन्ट एवं अन्य सामाग्रीयों को क्रय हेतु द्वितीय ई-निविदा के साथ नवीन सामाग्रीयों को क्रय हेतु प्रथम ई-निविदा निम्नालिखित तिथि अनुसार आमंत्रित की जाती है। इच्छूक निर्माता कम्पनी, अधिकृत फर्म तथा जनरल सप्लायर/निविदाकार द्वारा ई-निविदा में भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 2311.00 रूपये (2000 रूपये एवं 311 रूपये चिप्स द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म डाऊनलोड़ कर भरकर अपलोड़ कर सकते है।

| क्रं. | ई-निविदा का विवरण | ई-निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा हेतु अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा को खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Mechanical, Electrical, Instrument & Other Items Purchase & AMC Servicing Works Third E-Tender (Only Manufacturer & Authorized Dealers) | दिनांक 20/11/2025 को समय शाम 05.00 बजे से 28/11/2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड़ करने पर मान्य होगा। | दिनांक 28/11/2025 को समय अपराह्न 12:05 बजे के बाद |
| 02 | General Mechanical, Electrical, Instrument & Other Items Purchase Third E-Tender (Non Authorized) | | दिनांक 28/11/2025 को समय अपराह्न 01:00 बजे के बाद |
| 03 | General AMC Servicing & Civil Works Third E-Tender (Non Authorized) | | दिनांक 28/11/2025 को समय अपराह्न 02.00 बजे के बाद |
| 04 | PP Bag, Chemicals & Other Itmes Purchase Second and New Item Purchase First E-Tender (Only Manufacturer & Authorized Dealers) | | दिनांक 28/11/2025 को समय अपराह्न 03.00 बजे के बाद |
| 05 | General Material, Lab Equipment & Other Items Purchase Second and New Item Purchase First E-Tender (Non Authorized) | | दिनांक 28/11/2025 को समय अपराह्न 04.00 बजे के बाद |

उपरोक्त समस्त 05 ई-निविदाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र हेतु कारखाने के Website- www.mahamayasugar.com एवं शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखा एवं डाऊनलोड़ किया जा सकता है। एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला- धमतरी (छ.ग )**
पता- पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com

क्रमांक / 2878 / लो.नि.वि./आ.नि. आं.सू./2025-26 — कुरूद, दिनांक 18/11/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रांतर्गत विभिन्न निर्माण / विकास कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार / फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| System Tender Number | Date of Inviting Tender | Detail of Work | Estimated Cost of work (In lakh) | Online Bid Due Date | Physical Doc. Submission End Date | Bid Open Schedule Date. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 179911 | 18.11.2025 | वार्ड क्रमांक 05/08 जलसन तालाब उन्नयन कार्य | 57.00 | 10.12.2025 5.30 PM | 11.12.2025 5.30 PM | 12.12.2025 11.30 AM |
| 179913 | | वार्ड क्रमांक 05 मरही तालाब उन्नयन कार्य | 51.74 | | | |
| 179966 | | वार्ड क्रमांक 14 डिपो गार्डन लाईब्रेरी पास स्मार्ट लाईब्रेरी निर्माण कार्य | 19.838 | | | |
| 179976 | | वार्ड क्र. 15 में केनाल रोड से लेकर भारतद्वाज ऑटो पार्टस तक मुख्य निकासी नाली निर्माण कार्य | 33.00 | | | |
| 179988 | | 08 स्थानों पर मिनी ओव्हर टैंक 3 से 5 हजार लीटर क्षमता लोहे के स्टैण्ड सहित | 16.00 | | | |
| 180005 | | नगर पंचायत कुरूद में छात्रावास भवन निर्माण कार्य | 24.71 | | | |
| 180015 | | वार्ड क्रमांक 15 पौनी पसारी में 22 नग शॉपिंग कॉम्पलेक्स (Size -3.20x3.20 Meter) निर्माण के साथ परिसर में जीर्णोद्धार कार्य। | 76.73 | | | |

उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्ते कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कुरूद
जिला - धमतरी (छ.ग.)




# मौत पर बजते हैं ढोल-नगाड़े, बच्चा पैदा होने पर पसर जाता है सन्नाटा, बहाते हैं आंसू

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आपने जिंदगी में बहुत कुछ देखा होगा, लेकिन क्या कभी आपने किसी को मौत की खुशी मनाते देखा है और क्या कभी लोगों को किसी के जन्म को दुख के साथ स्वीकार करते देखा है? राजस्थान के सातिया समुदाय की यही अनोखी सोच हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि जिंदगी और मौत के बीच का उनका ये नजरिया कितना अलग है। इस छोटे से समुदाय में, जब कोई मरता है, तो पूरा गांव जश्न मनाता है।..ढोल-नगाड़े बजते हैं, मिठाइयां बांटी जाती हैं, नाच-गाना होता है, लेकिन जब कोई बच्चा पैदा होता है तो वहां मातम पसरा रहता है। ये परंपरा सुनने में जितनी हैरान कर देने वाली है, उतनी ही गहराई में एक विश्वास छिपा है।

## कैसा दिखता है उनका 'मृत्यु उत्सव'?

सातिया समुदाय, जो राजस्थान में लगभग 24 परिवारों तक सीमित है। वे मृत्यु को आत्मा की मुक्ति मानते हैं। उनके अनुसार, जब कोई मर जाता है, तो उसकी आत्मा 'भौतिक जेल' यानि कि इस दुनिया के बंधनों से आजाद हो जाती है, इसलिए उस क्षण को वे उत्सव जैसा महसूस करते हैं। मृत्यु के समय, वे साफ-सुथरे कपड़े पहनते हैं, मिठाइयां, सूखे मेवे और लोकल शराब खरीदते हैं और तब तक नाचते हुए इस उत्सव को मनाते हैं जब तक राख ठंडी ना हो जाए। इस दौरान चिता तक एक बड़ी झलक...यात्रा होती है। नाचते-गाते, ढोल बजाते, आत्मा की इस 'यात्रा' को वे एक जश्न की तरह मनाते हैं। यह जश्न चिता जलने तक चलता है और अंत में एक भोज भी रखा जाता है।



## जन्म पर मातम...ये क्यों?

इसी समुदाय की मान्यता के अनुसार, जिंदगी एक 'गुनाहों भरी सजा' है। जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो वे इसे आत्मिक बोझ की शुरुआत मानते हैं। नवजात शिशु के आने पर वे शोक मनाते हैं, कहते हैं कि आत्मा फिर से दुखों और बंधनों की दुनिया में लौट आई है। इतना ही नहीं, उस दिन बच्चे के परिवार में सामान्य खाना नहीं पकाया जाता और कई बार लोग उसे 'शापित' समझते हैं।

## समाज के मायने और सवाल

यह परंपरा सिर्फ सांस्कृतिक रूप से अनोखी ही नहीं, बल्कि सोच और विश्वास की झलक भी देती है। क्या यह दर्शन हमें यह बताता है कि कुछ लोग मृत्यु में मुक्ति देखते हैं और जन्म में पीड़ा? कुछ रिपोर्ट्स कहती हैं कि सातिया समुदाय के लोग ज्यादा शिक्षा प्राप्त नहीं करते और शराब की लत में रहते हैं, लेकिन ये भी सच है कि उनकी यह परंपरा बाकी दुनिया के लिए एक जबरदस्त संभावित चेतावनी है।..हमारी सामान्य समझ 'जीवन, खुशी, मृत्यु - दुख' हर समय सच नहीं होती।



# 3 बाजों ने 5 दिन में पूरी की भारत से अफ्रीका तक 5000 किमी की नॉनस्टॉप उड़ान

नई दिल्ली। अपापांग, अलांग और आहू नाम के 3 बाज अरब सागर पार करके अफ्रीका जा रहे थे। उन्होंने अपनी मेहनती आदत और लंबी दूरी तक उड़ने की पूरी क्षमता दिखाई। ये तीनों बाज अरब सागर को पार करके अफ्रीका की यात्रा पर थे, जिससे उन्होंने साबित किया कि वो बिना थके लंबी दूरी तक उड़ सकते हैं।

## 5000 किमी की उड़ान

वन्यजीव वैज्ञानिकों ने जिन तीन अमूर बाजों को टैग किया था, उनमें से एक ने भारत से सोमालिया तक रिकॉर्ड तोड़ उड़ान भरी है। इस पक्षी ने 5,000 किमी की लंबी समुद्री यात्रा सिर्फ 5 दिनों में पूरी की यानी रोजाना लगभग 1,000 किमी तक की उड़ान।

## तीन बाजों की यात्रा

जिन 3 बाजों को टैग किया गया था उनके नाम हैं अपापंग, युवा मादा अलांग और वयस्क मादा आहू। ये तीनों अरब सागर पार करके अफ्रीका पहुंचने की यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने अपनी जबरदस्त लंबी दूरी तक उड़ने की क्षमता।



## कितना समय लगा?

तमिलनाडू की मुख्य सचिव ने एक्स पर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अपापांग ने इस बार की यात्रा से पहले भी कई बार यह समुद्री यात्रा की है। साहू ने लिखा, अपापांग ने लगभग 5,400 किमी की यात्रा कर ली है जिसमें उसे 5 दिन और 15 घंटे का समय लगा है।

## मणिपुर से हुई टैगिंग

भारतीय वन्यजीव संस्थान की मणिपुर अमूर फाल्कन ट्रैकिंग परियोजना के तहत 11 नवंबर को इन तीनों पक्षियों को टैग किया गया था। नारंगी रंग के ट्रैक वाला अपापांग जिसका वजन 150 ग्राम है, उसने अपनी उड़ान की क्षमता से वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया।

## क्या रही रफ्तार?

टैग लगने के तुरंत बाद अपापांग ने उड़ान भरी और मध्य भारतीय क्षेत्र में उड़ते हुए महज 76 घंटों में 3,000 किमी से अधिक की दूरी तय कर ली थी। वैज्ञानिक इन तीनों टैग किए गए पक्षियों पर लगातार नजर रख रहे थे, क्योंकि वो पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर के जंगलों से उड़ान भरकर पूर्वी अफ्रीका की ओर जा रहे थे।

## विलुप्ति का खतरा

एक समय था जब अमूर बाजों का लगातार शिकार होता था और उनकी संख्या खतरे में थी। लेकिन, मणिपुर के गांवों में रहने वाले लोगों ने उन्हें सुरक्षित आश्रय और संरक्षण दिया। अब ये गांव वाले बाजों के प्रसाव के मौसम को अपने गौरव और मिलकर रहने का प्रतीक मानते हैं।

# कोबरा के काटने के बावजूद भी इन लोगों में नहीं फैलता जहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर्दियों का सीजन शुरू हो गया है। सर्दियों के सीजन में ज्यादातर सांप अपने घरों में चले जाते हैं। जबकि बरसात में काफी संख्या में सांप सड़कों पर टहलने लगते हैं।



हर साल सांप के काटने की वजह से काफी संख्या में लोगों की जान जाती है। कई ऐसे विषैले सांप होते हैं जिनके काटने से लोगों की मौत हो जाती है। हालांकि, ऐसे कई लोग होते हैं जिन्हें कोबरा सांप काटता है फिर भी उनकी जान बच जाती है।

**हो सकती है उल्टी:** ड्राई बाइट की वजह से सूजन उल्टी भी हो सकती है। जितने मामले सामने आते हैं, उसमें 20% से 30% मामलों में ड्राई बाइट करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोबरा की विष की थैली में कुल मिलाकर लगभग 200 से 500 मिलीग्राम तक विष होता है।

## कम है मौत का आंकड़ा

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 5 से 10 प्रतिशत मौतें कोबरा के काटने के कारण होती हैं। हालांकि, कोबरा काटने के बाद मौतों के आंकड़ों में अन्य सांपों की तुलना में कम है। ऐसा कहा जाता है कि कोबरा का जहर मुख्य तौर पर न्यूरोटॉक्सिक होता है, जिसका इलाज एंटीवेनम हो सकता है। जिन लोगों को कोबरा काटता है, उसमें से लगभग 20 से 30 प्रतिशत लोग काटने के बाद भी नहीं मरते हैं। उसकी बाइट ड्राई होती है।

## बन जाता है निशान

ड्राई बाइट में उसके काटने का निशान बन जाता है पर मौत नहीं होती है। क्योंकि, कोबरा अपना जहर बाहर नहीं निकालता है। ऐसा कहा जाता है कि सबसे ज्यादा जहर कोबरा के विष की थैली में होता है और जिसे ये काटता है एक बार में 7 मिलीलीटर के आसपास जहर निकाल देता है। अगर किसी के शरीर में ये पूरा जहर फैल जाए तो उसको बचाना बहुत मुश्किल होता है। एक व्यक्ति को काटने के बाद सांप का जहर 6 से 7 दिन बाद दोबारा बनता है, ऐसे में इसी बीच अगर को किसी को काटता है तो 6-7 दिन तक विष नहीं निकाल पाता, ऐसी स्थिति में निशान तो रह जाता है पर जहर नहीं निकलता है।

# बॉडी बनाने के लिए एसिड के इंजेक्शन लगवाता था बंदा, लुटाए 5 करोड़ रुपए

**बीजिंग।** सोचिए आपने जिम में सालों तक पसीना बहाया, डाइट की, प्रोटीन शेक पीएफिर अचानक कोई सामने आकर कह दे, 'भाई, मैंने तो बस इंजेक्शन लगवाए और सीधा एट पैक बना लिए।' हैरानी होगी ना? चीन में ऐसा ही एक



शख्स आजकल इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। उसकी बॉडी देखकर लोग कन्फ्यूज हैं कि ये रियल है या किसी साइ-फाई फिल्म का सीन। शंघाई का यह शख्स किसी आम फिटनेस फ्रीक जैसा नहीं है। लोगों की तरह उसने जिम में सालों खून-पसीना नहीं बहाया। उसने अपनाया एक शॉर्टकट, जिसे सुनकर डॉक्टर भी सिर पकड़ लें... हयालूरोनिक एसिड इंजेक्शन। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह एसिड असल में एक नेचुरल सब्सटेंस है, जो स्किन और जोड़ों में पाया जाता है। कॉस्मेटिक फिलर्स में इसका इस्तेमाल आम है।

## 5 करोड़ रुपए खर्च कर चुका, अभी 10,000 डोज बाकी

यह आदमी पहले भी अपने अजीबो-गरीब बॉडी मॉडिफिकेशन की वजह से सुर्खियों में रहा है। कंधे, कॉलरबोन, चेस्ट और पेट...हर जगह हयालूरोनिक एसिड के 40 से ज्यादा इंजेक्शन लगवा चुका है। अब दावा कर रहा है कि उसकी बॉडी का 20% हिस्सा एसिड से भरा हुआ है। उसकी मंशा है पूरे 10,000 डोज, और 40% काम पहले ही हो चुका है। सोशल मीडिया पर वह शर्ट उतारकर एट पैक्स दिखाता है और दावा करता है कि 'मेरे एब्स परफेक्ट हैं।'

# शख्स ने बनाई दुनिया की सबसे बड़ी रोटी, कीमत 816229 रुपए



**नौरोबी।** दुनिया में रिकॉर्ड बनाने की होड़ तेज हो चुकी है। लोग अजीबोगरीब काम कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करते हैं। कोई सालों तक नाखून नहीं काटता तो कोई सालों तक नहाता नहीं है। लेकिन, कभी-कभी रिकॉर्ड बनाने की कोशिशें फेल हो जाती हैं। हमें तो ऐसा लगता है कि सिर्फ कोशिश नाकामयाब हुई है। लेकिन, असल में इसमें लाखों रुपए भी उड़ जाते हैं। केन्या में युगांडा मूल के कंटेंट क्रिएटर रेमंड काहुमा ने हाल ही में ऐसा ही अनुभव किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर दुनिया की सबसे बड़ी चपाती (रोटी) बनाने की कोशिश की, जो 200 किलो वजनी होनी थी। उनका गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का सपना था, लेकिन उनका सपना सपना ही रह गया। उन्होंने इतनी बड़ी रोटी बनाने की सारी तैयारी कर ली। तवे से लेकर चूल्हा भी बन गया। आटा भी गूंद लिया, लेकिन लास्ट मोमेंट पर ऐसा कुछ हो गया कि उनका रिकॉर्ड बन नहीं पाया। वर्ल्ड रिकॉर्ड वाली रोटी बनाने के लिए टीम ने कई दिनों की तैयारी की थी। इस पूरी कोशिश पर 1,190,937 केन्याई शिलिंग (करीब 8,16,229 रुपए) खर्च हो गए, लेकिन रिकॉर्ड नहीं बन पाया।

## फेल हुआ आइडिया

इस रोटी के लिए उन्होंने विशाल तवा बनवाया था। तवा 2 मीटर व्यास का था। इसे स्टेनलेस स्टील से बनाया गया था। आटा गूंथने के लिए आटा, पानी, तेल का इस्तेमाल किया गया था। चपाती को फ्लिप करने के लिए 20 पतली लकड़ी की प्लेटें बनाई गई थी ताकि तेल डाल सकें और रोटी तवे से ना चिपके। फिर एक बड़ा मेटल फ्रेम बनाया गया था, जिसमें बूचर स्केल लटकाकर वजन चेक किया जाता। चार कोयले की बोरी जलाई गई, जिससे तवा गर्म हो सके. टीम ने आटा भी तवे पर फैला दिया। सब कुछ ठीक था। लेकिन, जब रोटी को पलटने की कोशिश की गई तो ये नाकाम हो गई। रोटी टूटने लगी लेकिन पलट नहीं पाई। इस तरह वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं बन पाया। वीडियो को 50 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। लोग इस कोशिश की तारीफ कर रहे हैं।

# 20 साल बाद मिली लुप्त हुई मछली! क्या है बोलीविया के उस सीक्रेट तालाब का राज?

**सुक्रे।** वैज्ञानिकों को लगा था कि मछली की एक प्रजाति हमेशा के लिए खत्म हो गई है। लेकिन वह मछली अचानक बोलीविया के एक छोटे से तालाब में जिंदा मिली है। इस दुर्लभ मछली का नाम है मोएमा क्लाउडिया, जिसे 20 साल से ज्यादा समय से जंगल में नहीं देखा गया था। यह जिस जगह रहती थी वह खेती की जमीन में बदल जाने के कारण लगभग पूरी तरह नष्ट हो गई थी। इस मछली का अचानक वापस मिल जाना वैज्ञानिकों के लिए अच्छा मौका है। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस मछली का मिल जाना मोएमा क्लाउडिया को बचाने का एक खास मौका है। अध्ययन के लेखक थॉमस लिट्ज के लिए इस मछली का फिर से मिलना बहुत ही जरूरी है, क्योंकि अब वैज्ञानिकों को इस मछली को इसके असली घर में सुरक्षित रखने का मौका मिलेगा। उन्होंने प्रोफेसर विल्सन कोस्टा का भी धन्यवाद किया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com